राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 88, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 14 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

संजय सिंह को कोर्ट से झटका, 27 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत बढ़ाई .... पेज 03

जब तक नए शिक्षकों की न हो नियुक्ति तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की लें सेवाएं : योगी .... पेज 05

टीम के पास सर्वश्रेष्ठ कर अभी भी नॉकआउट में क्वालीफाई करने का समय है : लाबुशेन .... पेज 07

## भारत ग्लोबल हंगर इंडेक्स में पाकिस्तान-बांग्लादेश से पीछे

### दुनिया के 125 देशों में 111वां स्थान मिला; केंद्र सरकार ने रिपोर्ट को गलत बताया



नई दिल्ली। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 की लिस्ट में दुनियाभर के 125 देशों में भारत को 111वां स्थान मिला है। गुरुवार को जारी की गई रिपोर्ट में भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति बेहतर है। हंगर इंडेक्स की लिस्ट में पाकिस्तान की रैंकिंग 102, बांग्लादेश की 81, नेपाल की 69 और श्रीलंका की 60 है। भारत की रैंकिग में लगातार तीसरे साल गिरावट दर्ज की गई है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 स्कोर के साथ भारत में भुखमरी की स्थिति को गंभीर बताया गया है। इससे पहले 2022 में 121 देशों की लिस्ट में भारत 107 नंबर पर था। 2021 में भारत को 101वां रैंक मिला था।

हालांकि भारत सरकार ने इस रिपोर्ट को गलत और और भ्रामक बताया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स भारत की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाता है। भारत ने आरोप लगाया कि यह देश की छवि खराब करने का प्रयास है। केंद्र के मुताबिक, इस इंडेक्स के चार में से तीन इंडिकेटर बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। वहीं चौथा और सबसे महत्वपूर्ण इंडिकेटर ओपिनियन पोल पर आधारित है।

2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बच्चों की कमजोरी की दर 18.7 प्रतिशत दुनिया में सबसे ज्यादा है। वहीं, भारत में अल्पपोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष उम्र की महिलाओं में एनीमिया 58.1 प्रतिशत है।

#### पिछले साल की रिपोर्ट पर सरकार ने उठाए थे सवाल

ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 की रिपोर्ट को लेकर भारत सरकार ने कहा था कि गलत जानकारी देना ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हॉलमार्क लगता है। भारत को ऐसे देश के रूप में दिखाया जा रहा है जो अपनी आबादी के लिए फूड सिक्योरिटी और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है।

#### ग्लोबल हंगर इंडेक्स क्या होता है?

ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीयन एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया जाता है।

## सिख गुरुओं के योगदान को वर्षों तक नहीं चुकाया जा सकेगा



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिख समुदाय की सराहना करते हुए कहा है कि देश के लिए सिख गुरुओं के योगदान को हजारों वर्षों तक चुकाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, चाहे भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो, मुगलों के खिलाफ लड़ाई हो या अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई, विभाजन हो या देश के लिए बलिदान, सिख समुदाय हमेशा नंबर एक पर रहा है। शाह शुक्रवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) द्वारा दिल्ली में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया गुरु नानक देव द्वारा उस समय दी गयी शिक्षाओं का पालन कर रही है, जब सभी धर्म अपने-अपने संप्रदाय के लिए लड़ रहे थे। उन्होंने धर्म और कर्म दोनों को समान रूप से लेकर आगे बढ़ने के लिए सिख समुदाय की सराहना की।

## सोनीपत में सड़क हादसे में 5 मजदूरों की मौत

### 16 पीजीआई रेफर, यूपी से पिकअप में हरियाणा धान काटने आ रहे थे, ट्रक ने मारी टक्कर

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल 15 से 16 लोगों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। मरने वाले और घायल मजदूर हैं। उत्तर प्रदेश से 30 मजदूर पिकअप में सवार होकर झज्जर में धान काटने जा रहे थे। इस बीच सोनीपत के खरखौदा के पास मजदूरों के पिकअप



को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

इस हादसे की सूचना मिलते ही सोनीपत पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। खरखोदा थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। पुलिस ने ट्रक चालक श्री भगवान निवासी मकड़ानी (चरखी दादरी) को काबू कर लिया है।

## किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ है: धनखड़

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों से कृषि उत्पादों के बाजार से जुड़ने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि कृषक समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। धनखड़ ने आज उनसे मिलने के लिए आए हरियाणा के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जब किसान हंसता है तो पूरा देश हंसता है? और सभी वर्गों में खुशहाली आती है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

### उपद्रवियों ने सुरक्षाबलों पर भी फायरिंग की; हथियार और गोला-बारूद बरामद



एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में गुरुवार को हमलावरों की फायरिंग में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पूर्वी इंफाल में कांगपोकपी जिले के सबुंगखोक खुनोउ की है। यहां हथियार से लैस उपद्रवियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह करीब 3 बजे की है। हमलावरों ने मैदान में रखे ईंटों के पीछे छिपकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। घायलों को इंफाल के राज मेडिसिटी और लिटिल क्लिनिक ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

एजेंसी के मुताबिक, इस घटना के बाद हमलावरों ने गांव के सुरक्षा वालंटियर्स पर फायरिंग की। सुरक्षाबलों ने उपद्रवियों का पीछा किया। वे गांव की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान दोपहर में हमलावरों ने सुरक्षाबलों पर भी गोलियां चलाईं। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की, लेकिन हमलावर अपनी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने गाड़ी से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

#### मणिपुर में 3 मई से अब तक 50 हजार लोग विस्थापित हुए

मणिपुर में 3 मई से मैतेई और कुकी लोगों के बीच जारी हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान गई है, जबकि 50 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़कर रिलीफ कैंपों में रह रहे हैं। इंफाल वैली में मैतेई बहुल है, ऐसे में यहां रहने वाले कुकी लोग आसपास के पहाड़ी इलाकों में बने कैंप में रह रहे हैं, जहां उनके समुदाय के लोग बहुसंख्यक हैं।

जबकि, पहाड़ी इलाकों के मैतेई लोग अपना घर छोड़कर इंफाल वैली में बनाए गए कैंपों में रह रहे हैं।

#### मैतेई छात्र हत्या मामले में एक और गिरफ्तार

मणिपुर में दो मैतेई छात्रों की मौत के मामले में सीबीआई ने 22 वर्षीय पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी रखने वाले सीबीआई अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि दोनों मैतेई छात्र छह जुलाई से गायब चल रहे थे। इसके बाद उनके अपहरण और हत्या की जानकारी सामने आई। अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए शख्स का नाम पॉलुन मंग है। उसे बुधवार को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया गया था और सीबीआई कोर्ट के सामने पेश किया गया। यहां से आरोपी को 16 अक्टूबर तक के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। सीबीआई अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दोनों छात्रों के अपहरण और हत्या में मंग ने अहम भूमिका निभाई थी। अब मामले में पहले से गिरफ्तार चार अन्य आरोपियों से हुई पूछताछ के आधार पर उससे सवाल पूछे जा रहे हैं।

## असम में 5 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त, 3 गिरफ्तार

असम के दो जिलों में अलग-अलग जगहों पर की गई कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हेरोइन जब्त की गई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थ की कुल कीमत पांच करोड़ रुपये आंकी गई है। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बृहस्पतिवार रात कार्बी आंगलोंग जिले के खकरजन इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया और इस दौरान पड़ोसी नगालैंड के दीमापुर से आ रहे एक वाहन को रोका गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान उसके दरवाजों में बने गुप्त स्थानों में छिपा कर रखी गई 726 ग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिसकी कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। उन्होंने बताया कि कार में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बीएसएफ ने तरनतारन बॉर्डर से जब्त किया ड्रोन; 21 करोड़ की हेरोइन भी बरामद

अमृतसर। पाकिस्तानी तस्करों की एक और कोशिश बीती रात विफल हो गई है। भारतीय सीमा की सुरक्षा कर रही बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ जॉइंट ऑपरेशन करते हुए पाकिस्तानी ड्रोन को जब्त किया है। इतना ही नहीं, इस ड्रोन के साथ बंधी तकरीबन 21 करोड़ रुपए की हेरोइन को भी भारतीय तस्करों के हाथ लगने से पहले रिकवर कर लिया है। बीएसएफ और पंजाब पुलिस को ये सफलता तरनतारन के सरहदी गांव दालिरी से मिली है। दरअसल, इस जगह पर ड्रोन मूवमेंट की सूचना मिली थी। बीएसएफ जवानों ने ड्रोन को रोकने के लिए फायर भी किए थे, लेकिन ड्रोन आंखों के सामने से गायब हो गया था। मूवमेंट की सूचना के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चला दिया। बीएसएफ को गांव दालिरी से डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके ड्रोन बरामद हुआ। बीते लंबे समय से इस ड्रोन का प्रयोग पाकिस्तानी तस्कर हेरोइन भारतीय सीमा में भेजने के लिए कर रहे हैं और लंबी दूरी का सफर तय करने के साथ-साथ ये ड्रोन तकरीबन 5 किलो तक भार भी उठा लेता है।

## 16 हजार करोड़ के फ्रॉड में 3 आरोपी अरेस्ट

### पेमेंट गेटवे सिस्टम को हैक कर धोखाधड़ी की, बोगस डॉक्यूमेंट से खोली फर्जी फर्म

ठाणे। महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने 16 हजार 180 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक कपंनी के पेमेंट गेटवे सिस्टम को हैक कर वारदात को अंजाम दिया था।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी अमोल अंडाले उर्फ अमन को ठाणे पुलिस के साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। जबकि 2 आरोपी भायंदर के रहने वाले अनूप दुबे और एक फर्म में पार्टनर मुंबई के रहने वाले संजय नामदेव गायकवाड़ को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। आरोपी अमोल ने खाते खोलने के लिए केवाईसी की डिटेल दी थी जिसका इस्तेमाल वारदात को अंजाम देने के लिए किया गया था।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि कंपनी में धोखाधड़ी काफी समय से हो रही थी, लेकिन इसका खुलासा अप्रैल 2023 में एक कंपनी के पेमेंट गेटवे खाते को हैक कर 25 करोड़ रुपए हड़पने की शिकायत बाद हुआ।

ऑनलाइन मनी ट्रांसफर करने वाली कंपनी पेगेट इंडिया के सॉफ्टवेयर सिस्टम को हैक कर कंपनी के अकाउंट से 25 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत ठाणे के श्रीनगर थाने में दर्ज कराई गई थी।

#### 5 आरोपियों की पहचान की गई

जांच के दौरान साइबर सेल की टीम को 16,180 करोड़ रुपए से ज्यादा के संदिग्ध लेनदेन का पता चला। ठाणे की नौपाड़ा पुलिस ने 6 अक्टूबर को पांच लोगों संजय सिंह, अमोल अंडाले, समीर दिघे, जितेंद्र पांडे और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी), 409 (आपराधिक विश्वासघात), 467, 468 (जालसाजी), 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया था। एफआईआर के अनुसार एक आरोपी जितेंद्र पांडे बैंकों में पीआर और सेल्स मैनेजर के पद पर 8 से 10 साल तक काम कर चुका है। पुलिस को संदेह है कि इस मेगा रैकेट में कई और लोग शामिल हो सकते हैं, जो लंबे समय से चल रहा है और इसका असर कई कंपनियों और लोगों पर पड़ सकता है।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने पैसों को सफेद करने के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पांच साझेदारी फर्में बनाई थीं। 260 बैंक स्टेटमेंट्स की जांच के बाद 16,180 करोड़ रुपए के लेनदेन का खुलासा हुआ था।

## एम्स 26 सप्ताह की गर्भवती महिला का नए सिरे से मूल्यांकन करे

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को 26 सप्ताह की गर्भवती एक महिला की शारीरिक और चिकित्सीय स्थितियों का नए सिरे से मूल्यांकन करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता दो बच्चों की मां के दावों पर विचार किया कि वह अवसाद और गंभीर प्रसवोत्तर मनोविकृति से पीड़ित थी। शीर्ष अदालत के समक्ष महिला (27) ने याचिका दायर करके अपनी मानसिक बीमारियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। पीठ ने आज ही दिल्ली के एम्स के मेडिकल बोर्ड को याचिकाकर्ता के भ्रूण के स्वास्थ्य का पता लगाने का भी आदेश दिया।

## भारत में गूंजे इजरायल मुर्दाबाद के नारे, दिल्ली, यूपी और कश्मीर समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट

इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच भारत में भी इससे जुड़ी नारेबाजी होने लगी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम में इजरायल और अमेरिका विरोधी नारे लगे। यह नारेबाजी जुमे की नमाज के बाद हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। लोगों ने अपने हाथों में तख्तियां भी उठा रखी थीं, जिन पर इजरायल और अमेरिका के खिलाफ नारों के अलावा धार्मिक नारे भी लिखे हुए थे। इस नारेबाजी के बाद भारत में सतर्कता बरती जा रही है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और कश्मीर समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

#### इजरायल के साथ है भारत का समर्थन

गौरतलब है कि हमास द्वारा किए गए हमले के बाद से भारत ने लगातार



अपना समर्थन इजरायल को दिया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले के बाद बयान जारी करते हुए कहा था कि इस दुख की घड़ी में भारत पूरी तरह से इजरायल के साथ है। वहीं, मंगलवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी को फोन किया था औ उन्हें ताजा हालात के बारे में जानकारी दी थी। पीएम मोदी ने इसके बारे में सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा था और एक बार फिर अपना समर्थन इजरायल के प्रति जताया था। हमास ने किया यह दावाझ्ठुबता दें कि इजरायल और हमास का युद्ध और ज्यादा गंभीर हो गया है। वहीं, इजरायल से जारी युद्ध के बीच हमास ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजराइल की ओर से की गई भारी बमबारी में 13 बंधकों की मौत हो गई, जिनमें विदेशी भी शामिल हैं। हमास की सैन्य शाखा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर 13 लोगों की जान गई है। जो विदेशी मारे गए वह किस देश के थे, इस बारे में पता नहीं चल पाया है।

## बेंगलुरु के एक घर में 42 करोड़ रुपए कैश मिले

### 22 बॉक्स में भरकर बेड के नीचे रखे थे, बीआरएस बोली- ये कांग्रेस का पैसा

बेंगलुरु में 12 अक्टूबर की रात एक घर में बेड के नीचे से 22 बॉक्स में 42 करोड़ से ज्यादा कैश मिला। यह रकम पूर्व महिला पार्षद अश्वत्थम्मा, उनके पति और रिश्तेदारों पर इनकम टैक्स की छापेमारी के मामले में बरामद हुई है।

अश्वत्थम्मा कांग्रेस के पूर्व विधायक श्रीनिवासमूर्ति की बड़ी बहन हैं। 12 अक्टूबर की देर रात बेंगलुरु के आरटी नगर में अश्वत्थम्मा, उनके पति आर अंबिकापति, बेटी और बहनोई के यहां छापेमारी में 500-500 के नोटों से भरे 22 बॉक्स मिले। यह रकम कथित तौर पर बेंगलुरु से चेन्नई होते हुए हैदराबाद ले जानी थी। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह छापेमारी की।



#### बोम्मई सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाया था

आर अंबिकापति बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हैं। अंबिकापति ने कर्नाटक की बसवराज बोम्मई सरकार पर उनकी योजनाओं में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाया था। इसके चलते भाजपा विधायक मुनिरत्ना ने अंबिकापति के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया था।

**फैसला** रामपुर कोर्ट ने नक्सलियों को सरकारी हथियार सप्लाई करने के मामले में दिया फैसला

## 20 पुलिसवालों समेत 24 को 10-10 साल की सजा

**रामपुर।** यूपी के बहुचर्चित कारतूस कांड में रामपुर कोर्ट ने 20 पुलिसवालों समेत 24 दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सजा सुनाते वक्त रामपुर कोर्ट के स्पेशल जज विजय कुमार ने सभी दोषियों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। 2010 यानी 13 साल पुराने इस मामले में गुरुवार को कोर्ट ने 24 को दोषी ठहराया था।

शुक्रवार सुबह सभी दोषियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। इस दौरान कोई बैग से तो कोई रुमाल से मुंह छिपाए था। हाथ में हथकड़ी लगी थी। कारतूस कांड में पुलिस ने 25 पुलिसवालों को आरोपी बनाया था। इनमें एक आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। यह पूरा मामला सरकारी हथियारों की सप्लाई नक्सलियों को करने से जुड़ा हुआ था।

#### ढाई क्विंटल खोखा कारतूस की बरामदगी

कारतूस कांड 2010 का है। एसटीएफ को प्रदेश के कई जिलों से सरकारी आर्म्स के सौदे का इनपुट मिला। इसके बाद 26 अप्रैल 2010 को सटीक सूचना के बाद एसटीएफ ने रामपुर के ज्वालानगर में रेलवे क्रासिंग के पास से मुख्य आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन को अरेस्ट



किया। इसके साथ ही सीआरपीएफ के विनोद पासवान और विनेश कुमार को भी पकड़ा।

एसटीएफने इन तीनों के पास से ढाई क्विंटल खोखा कारतूस और 1.76 लाख रुपए बरामद किया। साथ ही 12 बोरों में हथियारों के साथ ही इम्यूनिशन जब्त किया। इनमें इंसास राइफल भी शामिल थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्रिमिनल प्रताप कुमार मौर्य के मुताबिक, छापेमारी के दौरान यशोदानंदन के पास से एक डायरी मिली। इनमें पुलिस और पीएसी के आर्मरर के नाम और नंबर लिखे थे। आर्मरर का काम फोर्स में हथियारों का हिसाब-किताब और देखरेख करना होता है।

एसटीएफ ने तीनों से सख्ती से पूछताछ की तो जांच में कई और जिलों में तैनात आर्मरर के नाम सामने आए। वह यशोदानंदन को इम्यूनिशन की सप्लाई करते थे। इसके अलावा, यशोदानंदन के पास से मिली एक डायरी की भी मदद ली गई। फिर तीनों आरोपियों की निशानदेही पर बस्ती, गोंडा और वाराणसी समेत कई जिलों से पुलिस और पीएसी के आर्मोरर को गिरफ्तार किया।

#### जिन्हें सजा, उनमें 14 पुलिस वाले नौकरी में

एडीसी प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि मामले में 25 लोगों पर आरोप पत्र दाखिल हुआ था। मुख्य आरोपी की मौत हो चुकी है। जिन 20 पुलिस वालों को सजा सुनाई गई है। उनमें 6 लोग रिटायर हो चुके हैं। 14 लोग अभी भी नौकरी पर थे। सरकारी शस्त्रागारों से निकले कारतूस कहां जाते हैं, कैसे जाते हैं। पुलिस ने इसकी जांच की।

गौरवशाली भारत

नई दिल्ली
शनिवार 14 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## मैंने पीएफआई का कभी समर्थन नहीं किया : दिग्विजय



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि उन्होंने कट्टरपंथी संगठन पीएफआई का समर्थन कभी नहीं किया है। राज्यसभा सांसद सिंह ने सोशल साइट एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है, 'कुछ मीडिया संगठनों द्वारा पूछे गए सवाल पर मेरे जवाब को गलत तरीके से कोट किया जा रहा है, जो कि मैंने नहीं कहा है। सांप्रदायिकता भड़काने वाले संगठन पीएफआई का मैंने कभी समर्थन नहीं किया है। मैं धर्म के नाम से सांप्रदायिकता फैलाने वाले व्यक्ति/संगठन के खिलाफ हूं और सदैव रहूंगा।'

## शार्ट न्यूज

### कश्मीर में बारिश, हिमपात होने के आसार

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अगले चार दिनों के दौरान ऊंची चोटियों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश या फिर हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राजधानी श्रीनगर में अगले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों में हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात हो सकता है। केन्द्रशासित प्रदेश में शनिवार से अगले चार दिनों के दौरान व्यापक रूप से रूक रूक कर बारिश या फिर हिमपात हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है, ऊंची चोटियों पर हिमपात होने का 75 प्रतिशत अनुमान है। मौसम के उतार-चढ़ाव से पूरे जम्मू-कश्मीर में तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। फिलहाल मौसम मुख्यत: साफ है। विभाग के मुताबिक आज शाम तक बादल छाये सकते हैं और जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर रात में ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश या बर्फबारी होने हो सकती है। मौसम खराब होने के कारण जोजिला दर्रा, मुगल रोड, सिंथन टॉप, सदनाटॉप और कश्मीर घाटी के अन्य ऊंचे इलाकों जैसे संवेदनशील स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है।

### अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में शामिल युवाओं के लिए जरूरी दस्तावेज लाना जरूरी

चम्पावत/नैनीताल। उत्तराखंड के चंपावत और पिथौरागढ़ में नवम्बर में होने वाली अग्निवीर भर्ती के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को इस दौरान कुछ आवश्यक दस्तावेज साथ लाना होगा। यह जानकारी देते हुए भर्ती निदेशक सेना भर्ती कार्यालय पिथौरागढ़ ने बताया कि अभ्यर्थियों को भर्ती के समय अपने साथ कुछ आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे जिनमें प्रवेश पत्र (डमिट कार्ड), यदि लागू हो तो हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के अंक पत्र व प्रमाण पत्र, आईटीआई डिप्लोमा, स्थाई, जाति, धर्म, स्कूल के चरित्र प्रमाण पत्र के अतिरिक्त प्रधान या नगर पालिका से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, एनसीसी सर्टिफिकेट ए,बी,सी(4 कॉपी), अविवाहित प्रमाण पत्र, खेल प्रमाण पत्र, सिंगल बैंक अकाउंट नंबर, पैन कार्ड और आधार कार्ड, पुलिस द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एवं आवास प्रमाण पत्र के मूल के साथ तीन-तीन कॉपी व 25 कलर पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि चंपावत और पिथौरागढ़ जिले में अग्निवीर भर्ती आगामी एक से 10 नवम्बर के बीच आयोजित की जानी है। प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

### ईडी ने बकीबुर रहमान को लिया हिरासत में

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के व्यवसायी बकीबुर रहमान को शुक्रवार को राशन वितरण में कथित अनियमितताओं के मामले में दम दम हवाई अड्डे के पास कैखाली स्थित उनके घर पर लगभग 55 घंटे की लंबी तलाशी के बाद हिरासत में लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने बुधवार सुबह करीब छह बजे से उनसे पूछताछ करने के बाद, दोपहर को उन्हें हिरासत में लिया और साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स ले गई। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि बकीबुर रहमान को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया था या नहीं। राशन वितरण में कथित अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने पिछले साल एफआईआर दर्ज की और मामले की जांच शुरू की। संघीय एजेंसी ने पिछले तीन दिनों में दो पड़ोसी जिलों में कई चावल मिलों और व्यवसायी बकीबुर रहमान के पते सहित 12 स्थानों पर छापेमारी की और तलाशी अभियान के दौरान कई मोबाइल फोन सहित कई दस्तावेज जब्त किए। ईडी सूत्रों ने मामले की जांच के दौरान दावा किया कि कारोबारी का एक कैबिनेट मंत्री से काफी करीबी संबंध है। महामारी काल के दौरान पूरे राज्य में राशन वितरण में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।

### पतंजलि में निकली अमृत कलश यात्रा

हरिद्वार/देहरादून। उत्तराखंड की धर्मनगरी हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अर्न्तगत, शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, छात्र, छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने देश की अखंडता, सद्व्यवहार, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व निर्माण एवं सुसंस्कार युक्त जीवन के लिए पंच प्रण प्रतिज्ञा भी ली। कार्यक्रम के अर्न्तगत एनएसएस वाटिका में 50 से अधिक प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रति-कुलपति प्रो0 महावीर जी ने देश की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वि.वि. की कुलसचिव डॉ. प्रवीण पुनिया, उप-कुलसचिव डॉ. निर्विकार, परामर्शदाता प्रो. के एन एस यादव, वि.वि. के कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव के साथ-साथ समस्त संकायों के संकायाध्यक्ष एवं शिक्षकगणों, शोधार्थियों, छात्र/छात्राओं सहित शिक्षकेत्तर कर्मयोगियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बिपिन कुमार दूबे, डॉ. वैशाली गौड़, डॉ. शिव कुमार सहित अनुशासन समिति के सदस्यों के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

### वीजा सेवाएं निलंबित होने से कनाडा में रहने वाले भारतीय हो रहे परेशान : सुशील रिंकू

जालंधर। पंजाब में जालंधर लोकसभा सीट से सांसद सुशील कुमार रिंकू ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम उनके सलाहकार तरूण कुमार को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कनाडा में रहने वाले भारतीयों को वीजा सेवाएं प्रदान करने का मुद्दा उठाया है। रिंकू ने कहा कि पूरे देश खासकर पंजाब से बड़ी संख्या में लोग कनाडा में बसे हैं, जिन्होंने वहां की नागरिकता भी ले ली है, लेकिन कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं रद्द होने का असर अब उन लोगों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग हैं जो सर्दियों में पंजाब आते हैं। कई लोग शादियों में शामिल होने या स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आते हैं, लेकिन वीज़ा सेवाएं रद्द होने के कारण वे भारत नहीं आ पाते हैं। सांसद ने कहा कि कनाडा स्थित भारतीय दूतावास को वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों को बिना किसी देरी के वीजा सेवा उपलब्ध करानी चाहिए ताकि वे लोग यहां आकर अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से मिल सकें और अपना जरूरी काम कर सकें। रिंकू ने प्रधानमंत्री से इस मुद्दे को प्राथमिकता के साथ संबोधित करने की अपील की क्योंकि यह कनाडा में रहने वाले बड़ी संख्या में भारतीयों के हित से संबंधित है।

### झारखंड उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज किया



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के समन को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट पिटीशन की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को हुई। मामले की सुनवाई हाईब्रिड मोड में उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की। याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि समन का समय बीत चुका है इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इससे पहले ईडी की ओर से एडीशनल सॉलीसीटर जनरल ऑफ़ इंडिया एसवी राजू ने भी कहा कि इस केस को निरस्त कर देना चाहिए क्योंकि सुप्रीम कोर्ट समन के मामले को डिसाइड कर चुकी है। वहीं हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट का हवाला देते हुए कहा कि अगर आप किसी मामले में आरोपी नही है, आपके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं है तबतक समन जारी नहीं किया जा सकता है। उल्लेखनी है कि ईडी की ओर से पूछताछ को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को जारी किए गए समन को सीएम हेमंत सोरेन ने पहले सुप्रीम कोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर 23 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीएम की ओर से दाखिल की गई क्रिमिनल रिट पिटीशन में कहा गया था कि ईडी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाए। साथ ही ईडी को आगे कोई समन जारी नहीं करने करने का भी आग्रह कोर्ट से किया गया था।

# जम्मू-कश्मीर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन

## अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगे, लिखा- गाजा में हमारे बहन-भाइयों को बचाओ

नई दिल्ली। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जारी जंग के बीच 13 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुआ। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जुमे की नमाज के बाद बड़गाम में लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान अमेरिका और इजराइल के विरोध में नारेबाजी भी हुई।

इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें प्रदर्शनकारियों को इजराइल मुर्दाबाद, नारा-ए-तकबीर... अल्लाह हू अकबर और एक से बढ़कर जलील... अमेरिका-इजराइल जैसे नारे लगाते सुना जा सकता है। प्रदर्शनकारी अपने हाथों में पोस्टर लिए




हैं, जिसमें फिलिस्तीन के समर्थन और इजराइल, अमेरिका के विरोध में स्लोगन लिखे हैं। एक पोस्टर में लिखा है- फिलिस्तीन और गाजा में हमारे बहन और भाइयों की रक्षा करो।

इससे पहले 9 अक्टूबर को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में रैली निकाली थी। कैंपस में निकाली गई इस रैली में करीब 400 स्टूडेंट शामिल हुए। इसमें फ्री फिलिस्तीन, नारा-ए-तकबीर...अल्लाह हू अकबर। ला इल्लाह इल अल्लाह जैसे नारे लगाए। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को नामजद करते हुए एफआइआर दर्ज की है।

स्टूडेंट्स ने मांग की- फिलिस्तीन को फ्री किया जाए।

वहां जुल्म हो रहे हैं। फिलिस्तीन आजादी मांग रहे हैं, लेकिन उन्हें आजादी नहीं दी जा रही है। एएमयू फिलिस्तीन के साथ खड़ा है। ये छात्र यूनिवर्सिटी के अलग-अलग कोर्स के रहे हैं। हालांकि, इस मार्च का आयोजन किसने किया यह स्पष्ट नहीं है।

### कांग्रेस ने भी फिलिस्तीन का समर्थन किया था

कांग्रेस ने 9 अक्टूबर को पार्टी की वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद फिलिस्तीन का समर्थन किया था। बैठक के बाद कांग्रेस ने प्रस्ताव पास कर कहा कि मिडिल ईस्ट में हो रहे युद्ध में हजारों लोग मारे गए हैं, हमें इसका दुख है।

CWC फिलिस्तीनी लोगों के जमीनी हक, स्वशासन, आत्मसम्मान और गरिमा से जीने के अधिकारों के लिए समर्थन को दोहराती है।

## नारायण त्रिपाठी ने भाजपा से दिया त्यागपत्र

सतना/भोपाल। मध्यप्रदेश के सतना जिले के मैहर से भारतीय जनता पार्टी विधायक नारायण त्रिपाठी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से आज त्यागपत्र सौंप दिया। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र संबंधी पत्र भी विधानसभा सचिवालय को भेज दिया है। भाजपा की सतना जिला इकाई ने त्रिपाठी के पार्टी से त्यागपत्र देने की पुष्टि की है। त्रिपाठी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को लिखे पत्र में कहा कि वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देते हैं और इसे स्वीकार किया जाए। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि वे मौजूदा पंद्रहवीं विधानसभा से त्यागपत्र दे रहे हैं और इसे मंजूर किया जाए।

## जामिया मस्जिद में जुमे की सामूहिक नमाज की अनुमति नहीं

श्रीनगर। केंद्रशासित जम्मू- कश्मीर प्रशासन ने राजधानी श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार की सामूहिक नमाज की अनुमति नहीं दी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

जामिया मस्जिद श्रीनगर के प्रबंध निकाय अंजुमन औकाफ ने कहा कि न केवल नमाज की अनुमति नहीं दी गई, बल्कि मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक को भी नजरबंद कर दिया गया। मौलवी मीरवाइज को हाल ही में चार साल की नज़रबंदी के बाद रिहा किया गया था।

मस्जिद को बंद करने के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि जामिया में नमाज की इजाजत नहीं दी गई और मौलवी मीरवाइज को नजरबंद करने का फैसला इजरायल विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के डर से किया गया।

गाजा में युद्ध के बीच विरोध प्रदर्शन को विफल करने के लिए पुराने शहर और संवेदनशील इलाकों में मस्जिद के आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है।

जामिया मस्जिद के प्रबंध निकाय ने कहा कि अधिकारियों ने सुबह केंद्रीय मस्जिद के सभी दरवाजे बंद कर दिए और उन्हें सूचित किया कि आज शुक्रवार की नमाज अदा नहीं की जाएगी। प्रबंध मंडल ने सरकारी कार्रवाई की निंदा की।

## चरार-ए-शरीफ में वार्षिक उर्स में शामिल हुए हजारों लोग

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के चरार ए-शरीफ में शेख-उल-आलम, अलमदार-ए-कश्मीर और नुंद रेशी के नाम मशहूर शेख नूर-उद-दीन नूरानी का वार्षिक उर्स शुक्रवार को मनाया गया। सुफी संत के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शुक्रवार के सामूहिक प्रार्थना में हजारों लोग शामिल हुए, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी लोग थे। कश्मीर घाटी में शांति और सौहार्द कायम करने के लिए गुरुवार की रात 'शब खवानी' में भाग लेने के लिए भी काफी संख्या में श्रद्धालु मकबरे में पहुंचे थे। शेख नूर-उद-दीन ने 14वीं शताब्दी में लोगों को सादगी, सच्चाई, न्याय, प्यार तथा मानवसेवा का पाठ पढ़ाया था।

## उत्तर कश्मीर में सुरक्षा बलों ने संदिग्ध वस्तुओं को किया नष्ट

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को उत्तरी कश्मीर में हंदवाड़ा-बारामूला राजमार्ग पर मिले तीन संदिग्ध छोटे गैस सिलेंडरों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) को कुपवाड़ा जिले के क्रालगुंड हंदवाड़ा के गणपोरा इलाके में सड़क के किनारे झाड़ियों के बीच छिपाकर रखे तीन संदिग्ध छोटे गैस सिलेंडरों का पता चला। तीनों संदिग्ध छोटे गैस के सिलेंडर उदीपुरा की ओर जाने वाले गणपोरा क्रॉसिंग से लगभग 100 मीटर



की दूरी पर झाड़ियों के बीच रखे हुए थे। पुलिस ने बयान में कहा, संभावित खतरे को भांपते हुए सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। सेना की 30 आरआर और हंदवाड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने तकरीबन साढ़े दस बजे संदिग्ध तीनों सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर नष्ट कर दिया। बाद में जांच से पता चला कि सिलेंडरों में यूरिया, एक गैर-घातक पदार्थ था। सिलेंडरों को नष्ट करने के दौरान किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

पुलिस ने कहा कि वह इन सिलेंडरों को सार्वजनिक क्षेत्र में झाड़ियों के पीछे छिपा कर रखने के पीछे के उद्देश्य और इसके लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। उन्होंने कहा, स्थानीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को मजबूत किया गया है।

## धामी ने रामनगर एआरटीओ कार्यकाल का किया औचक निरीक्षण, दी नसीहत

रामनगर/नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को रामनगर में सहायक सम्भागीय परिवहन (एआरटीओ) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति की नसीहत दी।

धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण के साथ ही समस्याओं के निराकरण के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने रिक्त पदों के साथ ही अभिलेखों के बारे में विस्तृत जानकारी ली और एआरटीओ रामनगर संदीप वर्मा को दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड व नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार एक



कार्य संस्कृति के तहत काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता आम जनमानस है। आम लोगों के कार्य सुगमता तथा बिना बिचौलियों के पूर्ण हो सके। साथ ही भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थायें सही पाये जाने पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त किया।

उनके साथ उत्तराखंड मण्डी परिषद अध्यक्ष डा अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत, विकास शर्मा, वीरेन्द्र बिष्ट, अध्यक्ष मण्डी समिति रामनगर राकेश नैनवाल, अमिता लोहनी के साथ ही सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, जिलाधिकारी वंदना व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा आदि लोग मौजूद थे।

## बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुत्र गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर के बयाना में गढ़ीबाजना थाना क्षेत्र में पिछले माह एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा करते हुए मृतक के बेटे को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने परिवार के चाचा-ताऊ से पुश्तैनी जमीन के हिस्से की रजिस्ट्री नहीं कराने से नाराज मृतक के पुत्र 23 वर्षीय अनूप सिंह ने गत सात सितंबर की रात पूर्व प्लानिंग के तहत अपने चाचा उदय भान के लड़के बृज मोहन से जानबूझकर झगड़ा किया। इसके बाद अनूप सिंह ने घर के बाहर चबूतरे पर बैठे अपने बीमार पिता श्रीभान के सीने में गोली मार दी। घायल श्रीभान की 9 सितंबर की जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटे अनूप सिंह ने हत्या का आरोप अपने चाचा-ताऊ और उनके लड़कों पर लगाते पुलिस में मामला दर्ज कराया था।

## हैदराबाद : आत्महत्या की घटनाओं में छह लोगों की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

पहली घटना में शहर के भीतर ओल्ड बोवेनपल्ली के भवानीनगर इलाके में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने नींद की गोलियां खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतकों की पहचान श्रीकांत (42) और उनकी बेटियां श्रावंती (8) और श्रव्या (7) के रूप में हुई है।

शवों को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल ले जाया गया है।

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घरेलू मुद्दों ने श्रीकांत के परिवार को अतिवादी कदम उठाने के लिए मजबूर किया होगा। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और गहन जांच की जा रही है। दूसरी घटना में बोराबंदा के



राजनगर इलाके में एक मां ने अपने दो बच्चों को जहर खिलाने के बाद फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतकों की पहचान ज्योति (31) तथा उसके बच्चे अर्जुन (4) और आदित्य (2) के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि एक निजी शिक्षिका के रूप में काम करने वाली ज्योति ने अपनी जान लेने से पहले अपने बच्चों की जीवन लीला समाप्त कर दी।

पुलिस इस संबंध में मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

## आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक: सुक्खू

एजेंसी

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आपदा से बेहतर ढंग से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है क्योंकि सही जानकारी होने पर चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

सुक्खू ने कहा कि हिमाचल ने इस वर्ष मानसून में भारी बारिश तथा भूस्खलन से आई आपदा का डटकर मुकाबला किया है तथा इस मुश्किल घड़ी में सभी ने एकजुटता का परिचय दिया जोकि हमारी हिमाचली संस्कृति एवं संस्कारों में भी शुमार है। उन्होंने शुक्रवार को ओक ओवर से अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से आयोजित नागरिक एकजुटता मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मार्च रिज पर संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों की मदद के लिए स्थापित आपदा राहत कोष-2023 में लोगों के सहयोग से अभी तक लगभग 222 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हो चुकी है।

## हिमाचल सरकार एक हजार करोड़ का लोन लेगी, अधिसूचना जारी

शिमला। मानसून सीजन में आई प्राकृतिक आपदा ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार की माली हालत बिगाड़ दी है। सुक्खू सरकार अपने 10 महीने के कार्यकाल में नौ हजार करोड़ रुपये ऋण ले चुकी है। इस वित्त वर्ष में तीन हजार करोड़ से अधिक लोन लिया गया है। अब एक हजार करोड का और कर्ज लेने जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आपदा प्रभावितों के लिए राज्य सरकार 4500 करोड़ के विशेष राहत पैकेज की घोषणा कर चुकी है। विशेष बात यह है कि आपदा राहत कार्यों के लिए अतिरिक्त धन की व्यवस्था में जुटी सुक्खू सरकार एक बार फिर 1000 करोड़ रुपये का लोन



लेगी। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

हिमाचल के वित्त सचिव अभिषेक जैन की ओर से यह अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि लोन लेने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के पास राज्य सरकार की प्रतिभूतियों की नीलामी की जाएगी।

कर्ज लेने का उद्देश्य राज्य में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना बताया गया है। उन्होंने कहा कि इस ऋण को अगले 20 वर्षों की अवधि के लिए लिया जाएगा। इस कर्ज़ को लेने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के पास राज्य सरकार की प्रतिभूतियों की नीलामी की जाएगी। कर्ज लेने का मकसद राज्य में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना बताया जा रहा है। लेकिन माना जा रहा है कि राज्य सरकार को आपदा राहत कार्यों और अन्य वजहों से यह नया ऋण लेना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार को आपदा राहत कार्यों और अन्य वजहों से यह नया ऋण लेना पड़ रहा है। क्योंकि भारी बरसात की वजह से हिमाचल प्रदेश को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा है। साथ ही दीवाली पर डीए की किस्त भी सरकार जारी कर सकती है। ऐसे में इस किस्त के लिए लोन लेने की भी चर्चाएं हैं।

हिमाचल प्रदेश पर वर्तमान में करीब 78 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। इससे पहले राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदा के बीच गत अगस्त माह में 500 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में आज पैदा होने वाले हर बच्चे पर 1,02,818 रुपए से अधिक का कर्ज है जबकि भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले प्रति व्यक्ति कर्ज 76,630 रुपए था। इसके चलते वर्तमान सरकार को वर्ष 2023-24 में कर्ज अदायगी पर 9048 करोड़ रुपए व्यय करने होंगे।

## फर्जी फर्मों का मुख्य सरगना पदम बंसल दिल्ली से गिरफ्तार

**सिरसा।** देश के विभन्न राज्यों में फर्जी फर्मों के सहारे काली कमाई कर शीशमहल खड़ा करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) टीम ने करोड़ों रुपए के जीएसटी घोटाले के मुख्य सरगना व सिरसा के एफ ब्लॉक निवासी पदम बंसल को दिल्ली के द्वारका क्षेत्र से दबोचने में सफलता हासिल की है।

पदम बंसल के खिलाफ फर्जी फर्मों के जरिए करोड़ों रुपए के राजस्व घोटाला करने के आरोप में करीब 14 अभियोग केवल सिरसा शहर थाना में दर्ज है। उसने अपने पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ मिलकर करीब 21 फर्जी फर्मों के जरिये सिगरेट का कारोबार हरियाणा, राजस्थान,



पंजाब तथा गुजरात में दर्शा कर सरकार को करोड़ों रुपयों का राजस्व नुकसान पहुंचाया है।

सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि फर्जी फर्मों का मुख्य सरगना पदम बंसल लगातार पुलिस की गिरफ्तार से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर उसे दिल्ली से दबोचा गया है। पदम बंसल को अब सिरसा अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी हासिल कर उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

विक्रांत भूषण ने बताया कि पदम बंसल के खिलाफ फर्जी फर्मों के जरिए करोड़ों रुपए के घोटाला करने के मामले में करीब 14 अभियोग शहर थाना सिरसा में दर्ज है, तथा उसने अपने पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ मिलकर करीब 21 फर्जी फर्मों का गठन किया हुआ है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि जांच के दौरान सामने आया है कि पदम बंसल ने आबकारी एंव कराधान विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर हरियाणा, राजस्थान, पंजाब तथा गुजरात क्षेत्र में सिगरेट का फर्जी कारोबार दिखाकर अपने नौकरों तथा ड्राइवरों के नाम फर्जी फर्मों का गठन कर करीब छह करोड़ रुपए का सरकार को चूना लगाया है। उन्होंने बताया कि अभी जांच जारी है और जांच के दौरान उसके अन्य सहयोगियों तथा अन्य घोटालों के बारे में पदाफज़श होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पदम बंसल की पत्नी आशारानी, उसका बेटा अमित बंसल ,बेटे का साला कपिल तथा महेश बंसल जैसे अनेक मुख्य आरोपियों को एसआईटी टीम पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## अजमेर : ख्वाजा की दरगाह में फिलिस्तीनीयों के लिये दुआ की मांग

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह से जुड़ी खादिमों की प्रमुख संस्था अन्जुमन मोईनिया खुद्दाम-ए-ख्वाजा सैय्यदजादगान की ओर से दरगाह परिसर के आहाता-ए-नूर में जुम्मे की नमाज के तुरंत बाद फिलिस्तीनीयों के लिये दुआ -ए-खैर का आयोजन किया गया ।

अन्जुमन सदर गुलाम किबरिया तथा सचिव सरवर चिश्ती की अगुवाई में फिलिस्तान में मुसलमानों पर की जा रही बरबरता को रोकने तथा जुल्म से निजात के लिए विशेष दुआ की गई।

सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने कहा कि हम फिलिस्तान में मुसलमानों पर हो रही ज्यादतियों की निंदा करते हैं। फिलिस्तान में 75 वर्षों से मुसलमानों पर जुर्म-सितम किया जा रहा है। वे अपनी जमीन, अपने वतन, अपने हक के लिये लड़ रहे है। ये जंग-ए-आजादी की लड़ाई है, इंसानियत के लिये लड़ी जा रही इस लड़ाई में अजमेर दरगाह शरीफ का मुसलमान फिलिस्तान के साथ है। उन्हें , उनका हक मिलना ही चाहिए।

सदर हाजी गुलाम किबरिया ने विश्व के देशों एवं नेताओं से अपील की, वे इंसानियत के पक्ष में फिलिस्तानी मुसलमानों का साथ दें।

नई दिल्ली
शनिवार 14 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### 10वें फ्लोर से कूद बुजुर्ग महिला ने किया सुसाइड

नोएडा। नोएडा में शुक्रवार को सेक्टर-45 के एक सोसाइटी में रहने वाली बुजुर्ग महिला ने 10वें फ्लोर से कूदकर सुसाइड कर लिया। वो काफी दिनों से बीमार चल रही थी। नीचे गिरने पर वहां चीख पुकार मच गई। सोसाइटी के गार्ड ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच कर रही है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि शाम साढ़े चार बजे उनको सूचना मिली कि एनआरआई रैजीडेंस सोसाइटी में बुजुर्ग महिला बालकनी से कूदी। महिला की पहचान विनिता महेंद्रू (63) पत्नी अशोक कुमार महेंद्र के रूप में हुई है। वे सोसाइटी के टावर-1 में 1003 फ्लैट में रहती थी। उनके साथ बेटा सौरभ और परिवार के लोग रहते थे। बताया गया कि महिला काफी दिनों से बीमार थी। परेशान रहती थी। जिसके बाद उन्होंने सुसाइड जैसा कदम उठा लिया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है। बता दें नोएडा में हाइराइज सोसाइटी की इमारतों से कूदकर जान देने के मामले बढ़ते जा रहे है। इससे पहले भी कई लोग सुसाइड कर चुके है। इसकी बड़ी वजह डिप्रेशन और तनाव पूर्ण लाइफ स्टाइल की बात सामने आई है।

### गुरुग्राम बुलाकर सेल्समैन संग बनाया बंधक, लूटपाट के बाद चलती कार से दिया धक्का

गुरुग्राम । पुलिस के अनुसार शिकायत में मुंबई के हितेश भारद्वाज ने कहा कि उनका मुंबई में पेपर मैनुफैक्चरिंग का बिजनेस है। उन्होंने पिछले दिनों इंडिया मार्ट पर एक विज्ञापन देखा था जिसमें पेपर बेहद ही सस्ते दाम में बेचे जाने की बात कही गई थी। इस पर उन्होंने पेपर बेचने वाली कंपनी से संपर्क किया जिसके बाद उन्हें एक फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति से बात करने के बाद उसने पेपर क्वालिटी चेक करने के लिए उन्हें दिल्ली बुलाया। पीड़ित ने बताया कि वह पेपर क्वालिटी चेक करने के लिए अपने साथ अपनी कंपनी के सेल्समैन को लेकर 28 अगस्त को दिल्ली आ गए। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद जब उन्होंने फोन करने वाले व्यक्ति से संपर्क किया तो उसने बताया कि दिल्ली में धारा 144 लागू है, ऐसे में काफी सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने एक बिना नंबर की नई गाड़ी भेजी और हितेश व उनके सेल्समैन को राजीव चौक बुला लिया। यहां से उन्हें पलवल के एक गांव में ले जाया गया जहां पहुंचते ही उन्हें एक कमरे में बंद करके बंधक बना लिया। आरोप है कि यहां उनसे मारपीट करने के साथ ही हथियार दिखाकर गोली मारने की धमकी दी गई और उनसे लूटपाट की गई। छह आरोपियों ने उनसे नकदी, मोबाइल, सोने की चेन सहित पहचान पत्र व अन्य सामान छीन लिया।

### नींद में खलल पड़ने से नाराज नाबालिग ने मारा चाकू

नोएडा। सेक्टर 113 में मंगलवार की रात करीब 12.10 बजे एक 14 वर्षीय लड़के ने अपने 42 वर्षीय पड़ोसी को चाकू मार दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लड़का पड़ोसी की तेज आवाज़ से नींद में खलल पड़ने से गुस्से में था। बाद में घायल शख्स की बेटी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। शिकायत में शविली खातून (20) ने बताया कि मंगलवार रात वे लोग आपस में बात कर रहे थे। इसी बीच पड़ोस में रहने वाला नाबालिग उनके घर में घुस आया और शोर मचाने पर उनसे उलझने लगा। शिवली का कहना है कि जब उसके पिता मजीद मियां (42) ने उसे समझाने की कोशिश की तो उसने उनपर चाकू से हमला कर दिया। मजीद को दो जगह चाकू लगा है। पेट में लगा घाव गंभीर है। इसलिए परिवार ने तुरंत ऐंबुलेंस फोन किया और सेक्टर 39 के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। पुलिस को संदेह है चाकू मजीद का ही था, बहस के दौरान जब वह चाकू दिखा कर नाबालिग को धमका रहा था, उसी दौरान आरोपी ने चाकू छीनकर उस पर वार कर दिया। नाबालिग को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। डॉक्टरों ने मजीद को दिल्ली के एक अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मजीद नोएडा में एक फैक्ट्री में काम करता है। उसके परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। ये सभी लोग इस मकान में दो महीने पहले ही किराए पर रहने आए थे।

### सेक्टर में पानी की समस्या से परेशानी

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के सेक्टर के निवासी परेशान हैं। कहीं पानी की आपूर्ति बाधित रहती है तो कहीं पर साफ-सफाई की समस्या है। सेक्टर की आरडब्ल्यूए शिकायत करती है तो उस पर कार्रवाई नहीं होती है। इसको लेकर निवासियों में रोष है।सेक्टर ईटा-1 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दीपक भाटी ने बताया कि शुक्रवार को उनके सेक्टर में पानी की सप्लाई नहीं हुई। ऐसा महीने मे दो तीन बार होता है। जब सेक्टर के लोगों ने पता किया तो जानकारी मिली कि पंप ऑपरेटर नहीं आया है। इस वजह से मोटर नहीं चलाई गई। यही कारण रहा कि पानी की सप्लाई नहीं आई। सेक्टर मे पानी की दो टंकी हैं। ये टंकी आए दिन ओवरफ्लो रहती हैं। हजारों लीटर पानी बर्बाद होता है। पानी की बर्बादी के साथ ही सड़क भी टूटती रहती है। इसके अलावा सेक्टर बीटा वन की 24 मीटर रोड पर पानी बहता रहता है। इससे रोड टूटने लगी हैं। इसकी एक महीने पर शिकायत हुई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।सेक्टर में नहीं हुई ड्रेन की सफाईइसके अलावा सेक्टर सिग्मा 2 के लोग भी परेशान हैं। सेक्टर में ड्रेन सफाई की नहीं हुई है। जगह-जगह नालियां टूटी पड़ी हैं। बड़े नाले भी खुले हुए पड़े हैं। ग्रेटर नोएडा में हादसे होते रहते हैं, उसके बावजूद लापरवाही बरती जा रही है। सेक्टर में जगह जगह रेत, डस्ट, मिट्टी के ढेर पड़े हुए हैं। इसकी वजह से घरों में धूल जा रही है। वहीं सेक्टर बीटा वन की 24 मी रोड पर समय पर झाड़ू नहीं लगती है। पत्तों के जगह-जगह ढेर लगे हुऐ हैं।

### बिजली चोरी के विरोध पर दो इंजीनियरों पर हमला

ग्रेटर नोएडा। संवाददातासूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के बेगमपुर गांव में ग्रामीणों ररने एनपीसीएल की टीम पर हमला किया। ग्रामीणों ने सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के साथ मारपीट की। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर तीन नामजद और छह अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।सहायक अभियंता दीपक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार की दोपहर कनिष्ठ अभियंता विशाल गुप्ता के साथ बिसरख क्षेत्र से सर्वे करके अपने कार्यालय की तरफ लौट रहे थे। वह बेगमपुर गांव से होकर निकल रहे थे। इस दौरान रास्ते में उन्होंने देखा एक व्यक्ति ट्रांसफार्मर से सीधे केबल जोड़कर बिजली चोरी कर रहा था। जब उन्होंने उस व्यक्ति से बिजली चोरी के बारे में पूछा तो वह कब्रिस्तान का समर चलाने की बात करने लगा। उसने कहा कि वह ऐसे ही यहां से बिजली जोड़कर समर चलाते है। सहायक अभियंता ने बिजली चोरी का विरोध किया तो आरोपी उग्र हो गया और गाली गलौज करने लगा। इस दौरान गांव के पांच-छह लोग वहां आ गए और सभी ने मिलकर दोनों इंजीनियर को घेर लिया। आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की। किसी तरह पीड़ितों ने भाग कर अपनी जान बचाई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### प्रदूषण बढ़ने पर 13 दिन में तीसरी बार पहले चरण की पाबंदियां लागू

**गाजियाबाद।** जनपद में ग्रैप लागू होने के बाद 13 दिन में तीसरी बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में पहुंच गया। शुक्रवार शाम चार बजे जारी बुलेटिन के अनुसार, गाजियाबाद का एक्यूआई 218 पर पहुंच गया। इसके बाद जनपद में ग्रैप के पहले चरण की पाबंदियां लागू हो गई हैं। इस दौरान कूड़ा जलाने और धुआं छोड़ते वाहनों के खिलाफ सख्ती की जाएगी।दिल्ली-एनसीआर में एक अक्तूबर से ग्रैप लागू है। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से ग्रैप को चार चरणों में लागू करने के निर्देश हैं। पहले चरण में एक्यूआई 200 से अधिक होते हुए पाबंदी लागू हो जाती हैं। इस दौरान सड़क पर उड़ती धूल, धुआं छोड़ते वाहन, निर्माण साइट पर सामग्री ढकने, पानी का छिड़काव करने जैसे नियम हैं। बीते पांच दिनों से जनपद का एक्यूआई 150 से 190 के बीच चल रहा था। शुक्रवार सुबह से ही लोनी और वसुंधरा की वायु गुणवत्ता खराब होनी शुरू हो गई। इस कारण जिला तीसरी बार ग्रैप के पहले चरण की पांबदियों की जद में आ गया। इससे पहले छह और सात अक्तूबर को एक्यूआई 214 तक पहुंचा था।जिला प्रशासन की ओर से वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पहले से ही सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। जब तक इन पर अमल शुरू किया जाता है, तब तक एक्यूआई कम हो जाता है।

# संजय सिंह को कोर्ट से झटका, 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत बढ़ाई

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली आप सांसद संजय सिंह की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया और ईडी के वकील द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। सिंह के वकील की ओर से शुक्रवार को इसका



उल्लेख किए जाने के कुछ घंटों बाद, उच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी और रिमांड दोनों को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट के समक्ष संजय की और से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने तर्क दिया कि कानूनी प्रक्रिया का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा सवाल कानून की प्रक्रिया के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का है। एक प्रतिष्ठित नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मुझे कभी कोई नोटिस या समन जारी नहीं किया गया। मुझे किसी पूछताछ या जांच के लिए नहीं बुलाया गया। अचानक 4 अक्टूबर की सुबह वे आए मेरे घर की तलाशी ली गई। शाम 5: 25 बजे मुझे अचानक गिरफ्तार कर लिया गया।

## ग्रामीणों ने बीच आबादी में हाईटेंशन-लाइन लगाने का किया विरोध

मोदीनगर। मोदीनगर के गांव गदाना गढ़ी में बीच आबादी के बीच से निकल रही विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाइन के विरोध में ग्रामीण लामबंद हो गए। ग्रामीणों ने लाइन का काम रोककर मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि लाइन का काम नहीं रोका गया तो आंदोलन होगा।

विद्युत विभाग द्वारा गांव गदाना गढ़ी में बीच आबाद से हाईटेंशन लाइन लगाने का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधिकारी लाइन लगाने के लिए गड्ढे खोद रहे है। इसी बीच सैकड़ों ग्रामीण एकत्र होकर मौके पर पहुंचे और लाइन लगाने का काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया। इसके बाद ग्रामीण एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत की हाईटेंशन लाइन लगने से रोजाना हादसे होगे। इतना ही नहीं गांव की सड़क संकरी और ऊपर से पोल लग जाएगे, तो आवागमन में भी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हाईटेंशन लाइन लगाने का निर्माण कार्य रोकने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि किसी भी कीमत पर काम नहीं होने दिया जाएगा। इसको लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान रेखा ,चांद ,अशोक कुमार, मोमीन, भोपाल, अकरम, इकबाल, विशाल, फरीद, पवन कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## चोरी की बाइक को ओएलएक्स पर बेचने वाले दो गिरफ्तार

### एनसीआर के इलाके से गाड़ियां चुराते थे, 10 बाइक बरामद

नोएडा। चोरी की बाइक की फोटो ओएलएक्स की साइट पर अपलोड कर बेचने वाले दो शातिर बदमाशों को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये बाइक बदमाश दिल्ली, नोएडा और एनसीआर के अन्य जिलों से चोरी करते थे। इसके बाद अन्य राज्यों या दूर दराज के शहरों के लोगों को बेच देते थे। इसके लिए ये गाड़ी नंबर और फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेते थे। पुलिस ने इनके पास से चोरी की 10 बाइक बरामद की है।

एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि वाहन चोर नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में आने वाले है। पुलिस ने वहां चेकिंग बढ़ा दी।

इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश उन्हें आते दिखे उन्होंने रोक लिया और सख्ती से पूछताछ की गई। बदमाशों की पहचान रितिक पुत्र सूरज वाल्मिकी और अजय कुशवाहा पुत्र राजेश कुशवाहा हुई। इन दोनों को सेक्टर



21/25 चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। एडीसीपी ने बताया क पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि हम दोनों मिलकर नोएडा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करते है। चोरी की हुई मोटरसाइकिल ओएलएक्स के माध्यम से बाहर के रहने वाले लोगों को सस्ते दामों में बेचकर अवैध रूप से धन कमाकर खर्च चलाते थे।

ये चोरी किए गए मोटरसाइकिल को लॉजिक्स मॉल के पास बंद पड़ी पार्किंग के पीछे झाड़ियों में छिपाकर खड़ी कर देते थे।

### डेंगू अभियान की समीक्षा के लिए केंद्रों का किया निरीक्षण

**गुरुग्राम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू रोकथाम अभियान की समीक्षा के लिए अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए सामाजिक सहभागिता से डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को जिले में डेंगू के तीन नए मरीज मिले। जिले में अब कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 225 हो गई है। मलेरिया अधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश ने सोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र पर लैब में हो रहे टेस्ट, मरीजों के इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया। टीम के साथ बस्तियों में जाकर डेंगू मलेरिया की रोकथाम के प्रयासों की जानकारी ली। इसके साथ ही फर्रुखनगर, पटौदी, हेलीमंडी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी दौरा किया। डॉ. जय प्रकाश ने बताया कि इस दौरान लोगों से अपील भी की कि घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें कि गड्ढों में मिट्टी का भराव कर दें। भराव संभव न हो तो सप्ताह में एक बार उसमें कोई भी खाने का काला तेल जरूर छिड़क दें, इससे डेंगू का लारवा पानी में नहीं पनपेगा।

## ड्रग सिंडिकेट का खुलासा, 10 करोड़ की दवाओं के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक युवती रेखा भी शामिल है। तीनों आरोपी मोहम्मद फैजान बेग (23), मोहम्मद जुबैर (26) और रेखा दवाइयों की दुकान पर काम कर चुके हैं। इनके कब्जे से ट्रामाडोल की कुल 1,44,904 गोलियां, अल्प्राजोलम की 52,200 गोलियां, कोडीन-आधारित सिरप की 348 बोतलें और पेंटाजोसिन के 1600 इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। इनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इन ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली एनसीआर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग में गिरावट आई है।

स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त इंगित प्रताप सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर मनेंद्र सिंह को मोहम्मद फैजान बेग और उसके सहयोगी जुबैर द्वारा संचालित एक ड्रग सिंडिकेट के



बारे में सूचना मिली थी। जांच में पता लगा कि मोहम्मद फैजान बेग और जुबैर दोनों दिल्ली एनसीआर और अन्य पड़ोसी राज्यों से प्रतिबंधित दवाओं की खरीद में शामिल हैं और देश भर में फैले अपने सहयोगियों को इसकी आपूर्ति करते हैं।

जांच के दौरान फिर छह अक्तूबर को सूचना मिली कि मोहम्मद फैजान बेग ईस्ट ऑफ कैलाश से प्रतिबंधित दवाओं की एक बड़ी खेप खरीदेगा और उसे दो बजे के बीच दिल्ली के कर्दमपुरी के पास अपने सहयोगी को सौंपेगा।

एसीपी संजय दत्त व सुनील कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनेंद्र सिंह व सुनील कुमार की टीम ने ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित कैप्टन गौड़ मार्ग पर घेराबंदी कर मोहम्मद फैजान बेग को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके द्वारा किराए पर लिए गए ऑटो-रिक्शा से साइकोट्रोपिक दवाओं की एक बड़ी खेप बरामद हुई। इसके अलावा उसकी निशानदेही पर कर्दमपुरी स्थित उसके घर से भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद की गई है।

फैजान के सहयोगी और प्रतिबंधित दवाओं के आपूर्तिकर्ता कासगंज, उत्तर प्रदेश निवासी जुबैर को बाद में गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर, इंद्रपुरम, गाजियाबाद, यूपी स्थित उसके घर से ट्रामानाम-एसआर 100 की 67,000 गोलियां बरामद की गईं। इनमें प्रतिबंधित पदार्थ ट्रामाडोल था। इसके तीसरी साथी रेखा को ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली से पकड़ा लिया। उसके संत नगर स्थित किराए के परिसर से कोरेक्स सिरप की 48 बोतलें बरामद की गईं। उसके पास से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किये गये।

**चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना, कभी अलविदा ना कहना**

## 36वीं पुण्यतिथि पर हरफनमौला गायक और अभिनेता किशोर कुमार को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



▸ केंद्रीय सूघना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर से किशोर कुमार को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित कराने की मांग की।

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में हरफनमौला पार्श्वगायक और अभिनेता स्वर्गीय किशोर कुमार की 36वीं पुण्यतिथि पर उन्हें उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि किशोर दा बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी प्रतिभावान अभिनेता, निर्माता, निर्देशक, गायक, संगीतकार, गीतकार, कम्पोजर थे। किशोर कुमार को आराधना, अमानुष, डान, थोड़ी सी बेवफाई, शराबी,नमक हलाल, अगर तुम ना होते, सागर फिल्म में गाए गीतों के लिए 8 फिल्मफेयर अवार्डस मिले। अभिनेता के रुप में भी किशोर दा की चलती का नाम गाड़ी, पड़ोसन प्रमुख हैं। उन्होंने आजीवन अपनी शर्तों पर काम किया और कभी भी किसी के दबाव में नहीं आए। यह भी एक संयोग ही है कि 13अक्टूबर को उनके बड़े भाई दादा मुनि अभिनेता अशोक कुमार का जन्मदिन होता है और उसी दिन किशोर कुमार की पुण्यतिथि होती है। इतने बड़े कलाकार किशोर कुमार को आज तक कोई पद्म सम्मान सरकार की और से नहीं मिला।

उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से दयानंद वत्स भारतीय ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री माननीय श्री अनुराग ठाकुर को एक्स पर ट्वीट करके उनसे मांग की है कि किशोर कुमार को मरणोपरांत पद्म सम्मान और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।

### कोरोना जैसे लक्षणों के साथ वायरल फ्लू के मामलों में आया उछाल

गुरुग्राम। कोरोना जैसे लक्षणों के साथ वायरल फ्लू युवाओं और बच्चों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। ज्यादातर को खांसी, कफ, बुखार और सांस लेने में परेशानी हो रही है। इन मरीजों की कोविड रिपोर्ट नेगेटिव मिल रही है। ऐसे में डॉक्टर मरीजों को सामाजिक दूरी अपनाने की सलाह दे रहे हैं। सिविल अस्पताल में ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ज्यादातर मामले न्यू गुरुग्राम और गुरुग्राम क्षेत्र से हैं। मरीजों में बच्चे और युवा शामिल हैं। अस्पताल प्रबंधन ने ऐसे मरीजों को खास एहतियात बरतने की सलाह दी है। बच्चों में दो सप्ताह से अधिक खांसी के अलावा गंभीर निमोनिया जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। कई बच्चे सांस लेने में भी परेशानी महसूस कर रहे हैं। ऐसी ही समस्या इन दिनों 20 से 40 वर्ष तक के युवाओं में भी देखने को मिल रही है।

## मोदीनगर में शत्रु संपत्ति के मामले को लेकर महापंचायत

### किसानों ने किया आर-पार की लड़ाई का ऐलान

**मोदीनगर।** मोदीनगर में शत्रु संपत्ति के मामले को लेकर शुक्रवार को मोदीनगर तहसील परिसर में महापंचायत का आयोजन किया गया। महा पंचायत में हजारों लोगों ने भाग लिया। पंचायत में आर पार की लड़ाई का ऐलान किया गया है।



शत्रु संपत्ति के मामले को लेकर शुक्रवार को मोदीनगर तहसील परिसर में महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में गांव सीकरी व आसपास कॉलोनियों के हजारों लोगों ने भाग लिया। महापंचायत को देखते हुए नगर के अधिकांश बाजार बंद रहे। तहसील परिसर में रजिस्ट्री भी पूरी तरह से बंद रही। इतना ही नही उप जिलाधिकारी तहसीलदार नया तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी भी अपने-अपने कार्यालय में नहीं बैठे। महापंचायत को देखते हुए मोदीनगर तहसील में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए।

किसान नेता बबली गुर्जर ने बताया कि मोदीनगर तहसील प्रशासन के अधिकारी शत्रु संपत्ति के मामले को निपटाना नहीं चाहते। पंचायत देव शाम तक चलेगी और अंत में सर्वसम्मति से आर-पार की लड़ाई का फैसला लिया। तहसील परिसर में मोदीनगर, निवाड़ी, भोजपुर, मुरादनगर सहित कई थानों बीकी फोर्स व पीएसी बल तैनात रहा।

## गाजियाबाद में बिल्डर ग्रुप का वाइस प्रेसिडेंट गिरफ्तार

### 40 लाख लेकर भी नहीं दिया फ्लैट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने बिल्डर ग्रुप वीवीआईपी के वाइस प्रेसिडेंट नितिन गर्ग को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पिछले साल एक बायर ने उनके खिलाफ 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मुकदमा कराया था। नंदग्राम थाना पुलिस ने इस केस में 2 बार फाइनल रिपोर्ट लगाई थी। जांच जब दूसरे थाने कविनगर को ट्रांसफर हुई तो आरोपी फंस गया। इस बिल्डर समूह पर गाजियाबाद के कई और थानों में भी धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं।

### पत्नी और मां के खाते में ट्रांसफर कराई थी रकम

राजनगर एक्सटेंशन में वीवीआईपी एड्रेस सोसाइटी है। यहां फ्लैट बेचने के नाम पर कविनगर निवासी आकाश जैन से 40 लाख रुपए ठगे गए थे। आकाश के मुताबिक, नितिन गर्ग ने इस सोसाइटी में अपना फ्लैट बेचने की बात कही थी। जिस पर आकाश ने 20 लाख रुपए नितिन गर्ग की पत्नी हिमानी गर्ग के खाते में और 19.75



लाख रुपए उसकी मां ममता रानी गर्ग के खाते में ट्रांसफर किए थे। इसके बदले नितिन गर्ग ने फ्लैट की चाबी आकाश जैन को दे दी और रजिस्ट्री कोरोना महामारी बीतने के बाद कराने की बात कही। इस बीच नितिन गर्ग ने आकाश को फोन करके बताया कि मुझे कोरोना हो गया है और अकेला रहने के लिए फ्लैट की चाबी कुछ दिन को चाहिए। आकाश का कहना है कि इस तरह का झांसा देकर नितिन ने चाबी ले ली। इसके बाद फ्लैट के सारे ताले बदलवा दिए। फिर न कब्जा दिया और न रजिस्ट्री कराई। सितंबर 2022 में आकाश जैन ने इस संबंध में थाना नंदग्राम में नितिन गर्ग, पत्नी हिमानी गर्ग और मां ममता रानी गर्ग के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर कराई थी।

## ग्रेनो में भाकियू का धरना पांचवे दिन भी जारी

### किसान नेताओ पर एफआईआर के विरोध में करेंगे थाने का घेराव, प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर भारतीय किसान यूनियन के द्वारा किसानों की मांगो को लेकर धरना और प्रदर्शन किया जा रहा है। यह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सोमवार को शुरू हुआ था । शुक्रवार को भी भारी संख्या में किसान इस धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे। किसान नेताओं पर दर्ज की गई फिर को लेकर किसानों में भारी रोष दिखाई दिया।

यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर भारतीय किसान यूनियन के धरने का शुक्रवार को पांचवा दिन है। शुक्रवार को भारी संख्या में किसान धरना स्थल पर मौजूद रहे और इस दौरान उन्होंने तीनों प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी सहित नौ लोगों के खिलाफ नोएडा के थाना 49 थाने में कोर्ट के आदेश के बाद धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है । इसको लेकर धरने पर बैठे किसानों में जबरदस्त रोष देखने को मिला। इस दौरान पवन



खटाना ने कहा कि प्रशासन उन पर दबाव बनाकर धरने को समाप्त करना चाहता है।

उन्हें उन्होंने भारतीय किसान यूनियन के सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी लोग थाना सेक्टर 49 पहुंचे और उसका घेराव करें।

### किसानों की आवाज करेंगे बुलंद

पवन खटाना ने कहा कि हम शुरू से ही लड़ाई लड़ते हुए आए हैं प्रशासन कुछ भी कर ले हम किसानों की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहेंगे अगर इसके लिए हमें जेल भी जाना पड़े तो हम जेल जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण किसानों को 10 प्रतिशत प्लॉट और 64.7 प्रतिशत का मुआवजा तुरंत वितरण कर दें वरना धरना दिन रात चलता रहेगा। गौतम बुद्ध नगर के स्कूलों में किसानों के बच्चों के लिए 50 परसेंट का कोटा अनिवार्य होना चाहिए।

### गांव की आबादियों का हो तुरंत निस्तारण

धरने में शामिल अन्य लोगो ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर के युवाओं के लिए रोजगार मेले लगाने चाहिए। गांव की आबादियों का निस्तारण तुरंत कर देना चाहिए। जिन गांव के किसानों ने अपने गांव में आबादी घेर रखी है उन्हें यथा स्थिति छोड़ देना चाहिए। किसानों के लिए हॉस्पिटलों में ओपीडी फ्री होनी। जिन गांव का विस्थापन हो रहा है उन गांवों को 100 मीटर प्लॉट कम से कम और ज्यादा से ज्यादा प्लॉट मिलना चाहिए। जहां पर विस्थापित गांव को बसाया जाए वहां पर सभी सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

### अधिकारियों ने मांगा था 2 महीने का समय

गौरतलब है कि किसानों ने धरना सोमवार को शुरू किया था। इस दौरान तीनों प्राधिकरण के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। किसानों और प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच वार्ता हुई जिस पर अधिकारियों ने दो महीने का समय मांगा था लेकिन किसानों ने साफ तौर पर कहा कि वह पहले भी कई बार समय दे चुके हैं ,अब जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक उनका धरना अनिश्चितकालीन चलता रहेगा।

# संपादकीय

## बरेली की घटना से यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

एक नाबालिग लड़की ट्यूशन से घर लौट रही थी। रास्ते में एक मनचले ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। लड़की ने विरोध किया तो लड़के ने उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया।

लड़कियों के साथ छेड़खानी की घटनाएं अब जैसे सामान्य बात हो चली है। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, मगर मनचलों और आपराधिक वृत्ति के लोगों पर ठीक से नकेल न कसी जाने की वजह से इन घटनाओं पर रोक लगाना भी कठिन बना हुआ है। उत्तर प्रदेश के बरेली में हुई घटना ऐसे ही बेलगाम बदमाशों के आतंक का उदाहरण है।

एक नाबालिग लड़की ट्यूशन से घर लौट रही थी। रास्ते में एक मनचले ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। लड़की ने विरोध किया तो लड़के ने उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से बच्ची का एक हाथ और दोनों पैर कट गए। यह घटना उस उत्तर प्रदेश की है, जहां की पुलिस दम भरते नहीं थकती कि उसने अपराधियों का मनोबल तोड़ दिया है।

शोहदे घरों में दुबक गए हैं और महिलाएं आधी रात को भी सुरक्षित सड़कों पर घूमने लगी हैं। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराधियों पर अंकुश लगाने के राज्य सरकार के दावे की पोल खोलती है। आखिर कोई कैसे इतनी हिम्मत कर पाता है कि दिनदहाड़े राह चलती महिला उसकी बात नहीं मानेगी, तो वह उसकी जान लेने पर उतारू हो जाएगा।

हालांकि मुख्यमंत्री ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए अपराधी के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करने का आदेश दिया है। उस इलाके में पुलिस को चौकस कर दिया गया है। कहा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर नकेल कसने के प्रयासों में तेजी आई है और महिलाओं तथा बच्चियों के खिलाफ अपराध के मामले सुलझाने, उनकी प्राथमिकी दर्ज करने का स्तर सुधरा है, मगर यह भी सच है कि महिलाओं के साथ आए दिन ऐसे अपराध हो रहे हैं, जो उन्हें घरों से बाहर निकलने से पहले सोचने पर मजबूर कर देते हैं।

इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पुलिस सरकारी दिशा-निर्देशों का उचित तरीके से पालन नहीं करती। ऐसा बरेली की इस घटना में भी दिखा। पीड़ित किशोरी के पिता स्थानीय थाने में पहले शिकायत कर चुके थे कि कुछ युवक उनकी बेटी को ट्यूशन के रास्ते में परेशान करते हैं। मगर कार्रवाई तो छोड़िए, पुलिस ने उस शिकायत पर ध्यान भी नहीं दिया।

अगर समय रहते पुलिस सक्रिय हो जाती, तो पीड़ित बच्ची की जान खतरे में न पड़ती। पुलिस का यह हाल तब है जब मुख्यमंत्री स्वयं महिला अपराधों को लेकर लगातार निगरानी करते हैं। मुख्य सचिव स्तर पर हर माह समीक्षा बैठकें होती हैं और डीजीपी अपने मातहतों को समय-समय पर ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने की हिदायत जारी करते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़े बताते हैं कि उसके 'एंटी रोमियो' दल ने बीते एक साल में साढ़े छह हजार ऐसे लड़कों के खिलाफ कार्रवाई की है, जो राह चलती महिलाओं को छेड़ते, उन पर फब्तियां कसते हैं। महिला पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं, पुलिसबल में महिला कर्मियों की संख्या पहले के मुकाबले बढ़ी है, मगर स्थानीय स्तर पर पुलिस की संवेदनहीनता का क्या किया जाए!

सच है कि पुलिस हर जगह मौजूद नहीं रह सकती, लेकिन अपराधी के मन में कानून का खौफ तो होना ही चाहिए। महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध की हर घटना के बाद सरकारें तमाम एहतियाती कदम उठाने का दम भरती हैं, लेकिन कुछ समय बाद एक और ऐसी जघन्य वारदात होती है कि रूह कांप जाए। इस मामले में कमजोर कड़ियों को तलाशने की जरूरत है।

## रेल यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के दावों की खुली पोल

रेल हादसे के बाद यह एक परिपाटी-सी बन गई है कि मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजे की घोषणा तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को रफादफा करने की कोशिश की जाती है।

अभी ओड़ीशा के बालासोर में हुए रेल हादसे को लोग भुला भी न पाए थे कि दिल्ली से कामाख्या जा रही नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस बिहार के बक्सर में पटरी से उतर गई। इसमें चार लोगों के मारे जाने और अनेक के घायल होने की पुष्टि हुई है। स्वाभाविक ही इस घटना को लेकर रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

गाड़ी की इक्कीस बोगियां पटरी से उतर गईं। प्राथमिक जांच में हादसे की वजह पटरी में खराबी बताई जा रही है। गनीमत है कि इसमें बालासोर जैसा बड़ा हादसा नहीं हुआ, जिसमें दो गाड़ियां परस्पर टकरा गई थीं। मगर इससे रेलवे को अपने बचाव का आधार नहीं मिल जाता। हालांकि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और असल वजह उसके बाद ही पता चल सकेगी।

मगर हर रेल हादसे के बाद यह एक परिपाटी-सी बन गई है कि मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजे की घोषणा तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को रफादफा करने की कोशिश की जाती है। हर बार रेल सुरक्षा के संकल्प दोहराए जाते हैं और फिर जल्दी ही हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं।

अक्सर तर्क दिया जाता है कि रेल लाइनों पर गाड़ियों का दबाव लगातार बढ़ता गया है। बहुत सारी रेल लाइनें पुरानी होने की वजह से वे दबाव नहीं झेल पातीं और उनमें खराबी आ जाती है। मगर यह तर्क गले नहीं उतरने वाला। पिछले कुछ वर्षों से रेलगाड़ियों को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के दावे खूब किए जाते हैं। अनेक तेज रफ्तार गाड़ियां भी चलाई गई हैं।

इस तरह रेल किराए में पिछले कुछ वर्षों में अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है। रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। कहा जाता है कि रेलों को हवाई सुविधाओं की तरह बनाया जाएगा। मगर जब तक रेल का सफर सुरक्षित नहीं होगा, उसमें चलने वालों में यह भरोसा पैदा नहीं होगा कि वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच जाएंगे, तब तक इन दावों का कोई महत्त्व नहीं रह जाता।

रेल हमारे देश की सबसे बड़ी परिवहन व्यवस्था है। आज भी सामान्य आयवर्ग के लिए यह सबसे सुविधाजनक साधन है। मगर रेल हादसों, उनमें चोरी, डकैती, महिलाओं के साथ बदसलूकी जैसी घटनाओं पर अंकुश न लग पाने के कारण बहुत सारे लोग इसमें सफर करने से हिचकते देखे जाते हैं। हर बजट में रेल को सुरक्षित बनाने का वादा किया जाता है, मगर नतीजा फिर वही ढाक के तीन पात निकलता है। आज जब हर क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, रेलों को भी सुरक्षित बनाने के मकसद से टक्कररोधी उपकरण लगाने, पटरियों की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक कंप्यूटरीकृत व्यवस्था विकसित करने की परियोजना शुरू की गई थी। रेलों में आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती बढ़ाने और हर बोगी को अत्याधुनिक संचार प्रणाली से जोड़ने की योजना चलाई गई। मगर अब भी अगर हर कुछ समय पर रेलें पटरी से उतर जा रही हैं, परस्पर टकरा जाती हैं, तो जाहिर है, सुरक्षा संबंधी परियोजनाओं का गंभीरता से मूल्यांकन करने की जरूरत है। दुनिया में इतने रेल हादसे कहीं नहीं होते, जितने भारत में होते हैं, जबकि अनेक देशों में हमसे अधिक रफ्तार की गाड़ियां चलती हैं। यह समझ से परे है कि इतने लंबे समय से रेलों को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के वादे किए जा रहे हैं, फिर भी उन देशों से तकनीक लेने की कोशिश क्यों नहीं की जाती।

# भाजपा में मची टिकटों पर रार



रमेश सर्राफ धमोरा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अगले विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर अंदरूनी गुटबाजी सामने आ रही है। आगामी नवंबर महीने में देश के पांच प्रदेशों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामो की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतार है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्ही सीटों पर मैदान में उतर है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है।

राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक है। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव करीबन 31232 वोटो से जीता था। उनका टिकट कटने से उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा टिकट काटकर मुगलों के सामने घुटने टेकने वालों को टिकट देना कहां का इंसाफ है। हालाँकि बाद में राजवी अपने बयान से पलट गए। दिया कुमारी अभी राजसमंद से सांसद हैं तथा 2013 में सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी है।

जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काट कर उनके स्थान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को मैदान में उतर गया है। टिकट काटने पर राजपाल शेखावत के समर्थको ने भाजपा मुख्यालय पर जाकर जमकर बवाल मचाया। राजपाल शेखावत कई बार विधायक तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ लगातार दो बार जयपुर ग्रामीण से सांसद का चुनाव जीत चुके हैं।

अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से विधानसभा का टिकट दिया गया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी तो अपने टिकट काटने पर रोने लगे तथा कहा कि पैसों के बल पर टिकट दी गई है। हालांकि भागीरथ चौधरी 2003 व 2013 में किशनगढ़ से विधायक रह चुके है। 2018 में उनका टिकट काट दिया गया था। फिर 2019 को उनको अजमेर से लोकसभा का टिकट दिया गया था और वह चुनाव जीत गए थे। झुंझुनू के सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ को मंडावा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार मंडावा से चार चुनाव लड़ चुके है। जिसमें वह दो बार हारे व दो बार जीते थे। 2018 में उन्होंने भाजपा टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीता था। मगर 2019 में उन्होंने सांसद बनने पर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

जालौर से लगातार तीन बार के सांसद देवजी पटेल को सांचौर से वन मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने मैदान में उतारा गया है। सांचौर से भाजपा एक बार 2003 में ही जीत पाई थी। सांचौर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने से वंचित टिकट दावेदारों में आक्रोश है। वहां सांसद के काफिले को लोगों ने बीच रास्ते में रोका व काले झंडे दिखाकर उनका विरोध जताया और काफिले के वाहनों पर पथराव किया जिससे दो से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस उग्र प्रदर्शन से घिरे सांसद देवजी पटेल ने जैसे-तैसे अपनी जान बचायी।

राजस्थान में भाजपा के हिन्दुवादी चेहरे अलवर सांसद महंत बालकनाथ को तिजारा से मैदान में उतारा गया हैं। वहां भाजपा के पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने कि घोषणा कर दी हैं। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर सीट से प्रत्याशी बनाया। किरोड़ीलाल मीणा 5 बार विधायक दो बार लोकसभा सदस्य व एक बार राज्यसभा सदस्य तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके। वह एक बार सवाई माधोपुर से विधायक भी रह चुके हैं। राजस्थान में भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी कि अध्यक्षता में एक कमेटी बनायीं है जो बागी प्रत्याशियों को समझाकर मनायेगी। इस कमेटी ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। भाजपा के कई बड़े नेता अलग-अलग जिलों में जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें समझा रहें है।

मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी, प्रहलाद सिंह पटेल को नरसिंहपुरी, फगन सिंह कुलस्ते को निवास विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। वही लोकसभा सांसद राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम, गणेश सिंह को सतना, प्रीति पाठक को सीधी, उदय प्रताप सिंह को गाडरवारा से प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर क्रमांक -1 से प्रत्याशी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में अब तक घोषित 136 प्रत्याशियों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर-मोनहता सीट से, सांसद गोमती सांय को पत्थलगांव, सांसद अरुण सांव को लोरमी से प्रत्याशी बनाया गया है। दुर्ग से सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से प्रत्याशी बनाया गया है।

विजय बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भतीजे। वही आईएएस अधिकारी रहे ओपी चौधरी को रायगढ़ से व नीलकंठ टेकाम को केशकाल से प्रत्याशी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को भी टिकट दी गई है। भाजपा अभी छत्तीसगढ़ में कमजोर मानी जा रही है जहां उनके पास मात्र 14 विधायक ही है। हिंदी भाषी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा की लिस्ट जारी होने के बाद कई सीटों पर पार्टी प्रत्याशी को बागियों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान में भाजपा से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे सात सांसदों को टिकट मिलते ही कांग्रेस या अन्य दलों के प्रत्याशी से पहले अपनी ही पार्टी के लोगों में उभर रहे विरोध से पार पाना होगा।। इनमें बड़ा नाम तिजारा से बाबा बालकनाथ, किशनगढ़ से भागीरथ चौधरी, सांचौर से देवजी पटेल है जो अपनों से ही घिर रहे हैं। बीजेपी मुख्यालय पर राज्यवर्धन गो बैक और विजय बैंसला के लिए बाहरी भगाओ देवली-उनियारा बचाओ के नारे लगे है। चुनाव में दीयाकुमारी को छोड़कर अन्य सांसदों का कड़ा इम्तिहान है। श्रीगंगानर, बांदीकुई, झुंझुनू, कोटपूतली, बानसूर, सुजानगढ़ समेत 10 सीटों पर ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्होंने भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला को देवली-उनियारा से कड़ी चुनौती मिल सकती है। उन्हें बाहरी बताकर विरोध शुरू हो गया है।

भाजपा में कुछ दिनों पूर्व ही घर वापसी करने वाले सुभाष महरिया को सीकर के लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने उतारा गया है। सहाड़ा से भाजपा प्रत्याशी लादूलाल पीतलिया के सामने कौन लड़ेगा यह तय नहीं है। हालांकि उपचुनाव में उन्होंने जो विरोध किया वह याद दिलाया जा रहा है। उन्होंने अमित शाह के नाम से धमकाने का आरोप लगाया था और कांग्रेस सरकार ने तो पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई थी। ये बातें अब पार्टी के अंदर और विधानसभा क्षेत्र में मुद्दा बन रही हैं।

# राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा, भाषा की भूमिका

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंद्य संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैद्य वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है। यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है। जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी। मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है। शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है। शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है।

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है।

पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है।

वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया हैद्य यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैद्य शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैद्य हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है।

## ज्ञान है तो शान है

ज्ञान है तो शान है
ज्ञान बढ़ाओ
देश का गौरव
और आन बान शान
जोर शोर से बढ़ाओ।
ज्ञान है तो विज्ञान है
विज्ञान है तो ब्रह्मांड है
और ब्रह्मांड है
तो सत्य है ।
सत्य के आगे मिथ्या ,अंधविश्वास
आडंबर कट्टरपंथ
सब निरर्थक है।
जब ज्ञान और विज्ञान
का प्रभाव आधा है
तब ही अंधविश्वास,
कट्टरपंथ, संप्रदायवाद,
देश के विकास के
लिए, उन्नति के लिए
सबसे बड़ी बाधा है।

मेरे देशवासियों
ज्ञान विज्ञान को बढ़ाओ
शिक्षा को जगाओ
अंधविश्वास को
कट्टरता को
इस देश की धरती से
कोसों दूर भगाओ।
शिक्षा और ज्ञान का
प्रकाश चहुँ ओर बढ़ाओ।
गांव में साक्षरता का
दीप जलाओ।
आओ संग संग आओ,
अंधविश्वास के आडंबर,
कट्टरता को को मिटाओ,
हे मित्रवर आओ
ज्ञान के प्रकाश का
दीप जलाओ, इस पावन धरा को
ज्ञान,विज्ञान से विश्व में श्रेष्ठ
और उज्जवल बनाओ।

# खेल के मैदान पर भी भारत ने लहराया अपनी क्षमता का परचम



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

## एशियन गेम्स में पहली बार भारतीय खिलाड़ियों ने जीते 107 पदक

भारत आज न केवल एक महान आर्थिक शक्ति के रूप में दुनिया के अग्रणी देशों में शुमार है अपितु आज भारत ने खेल के मैदान पर भी अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। दरअसल भारत खेल के क्षेत्र में भी दुनिया के शीर्ष चार देशों की कतार में आकर खड़ा हो चुका है। हाल ही में चीन के होंगझोउ शहर में आयोजित हुए एशियन गेम्स में भारत ने एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार 107 मेडल जीतकर इस प्रतियोगिता में चैथा स्थान हासिल किया है। गौरतलब हो कि एशियन गेम्स में इस बार भारत ने कुल 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक जीतें हैं। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि भारत के खिलाड़ी अब दुनिया भर के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुकें हैं। क्योंकि यदि पिछले एशियन गेम्स यानी साल 2018 की तुलना में इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने 50 प्रतिशत अधिक पदक जीते हैं। जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार एशियन गेम्स में 75 प्रतिशत अधिक स्वर्ण पदक जीते हैं। इस लिहाज से यह कहा जा सकता है कि भारत के खिलाड़ियों ने बीते नौ सालों एशियान गेम्स सहितअन्य वैश्विक खेल प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन किया है। दरअसल आज के इस लेख में हम जानने की कोशिश करेंगे की आखिरकार भारत सरकार ने ऐसी कौन सी रणनीति अपनाई की बीते आठ नौ सालों में भारतीय एथलीटों ने एशियन गेम्स में उसने दोगुने मेडल जीत लिए हैं।

### ओलंपिक पोडियम और खेलों इंडिया जैसी स्कीमों से भारतीय एथलीटों को मिला बेहतर प्रशिक्षण

दरअसल एशियन गेम्स में आज भारतीय खिलाड़ियों ने जब 107 मेडल जीतकर विश्व स्तर पर एक नया इतिहास रचने का काम किया है। ऐसे में निश्चित तौर पर इस बड़ी उपलब्धि के पीछे भारत के खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और उनकी मजबूत इच्छाशक्ति भी है। लेकिन इस बात से भी कतई इनकार नहीं किया जा सकता है कि, बीते आठ-नौ वर्षों में भारत सरकार ने भी देश के खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में गंभीरता पूर्वक प्रयास किया है। गौरतलब है कि साल 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी ने खेलों के क्षेत्र में काफी गंभीरता से काम करना शुरू किया। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के खिलाड़ियों को समय समय पर काफी ज्यादा प्रोत्साहित भी करते नजर आएं थें। नतीजतन देश के खिलाड़ियों ने आज एशियन गेम्स की अलग अलग स्पर्धाओं में कई पदक जीतने में सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए खेलो इंडिया योजना की शुरूआत की थी। दरअसल खेलों इंडिया के तहत भारतीय खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। नतीजतन आज एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों की ओर से पहली बार 100 से ज्यादा मेडल जीतने के पीछे निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी योजनाओं का विशेष योगदान है।

### सरकार ने खेलो इंडिया के बजट को 50 पर्सेंट बढ़ाकर 1000 किया था

दरअसल पिछले साल के देश के आम बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने खेलों इंडिया के बजट में तकरीबन पचास प्रतिशत की वृद्धि की थी। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार ने खेलों इंडिया योजना के बजट को बढ़ाकर 1000 करोड़ कर दिया था। नतीजतन केंद्र सरकार की ओर खेलो इंडिया स्कीम के लिए इतना ज्यादा पैसा दे देने के बाद खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त हो सका है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा और अन्य खिलाड़ियों को भारत सरकार ने बेहतर खेल प्रशिक्षण दिलाने के लिए विदेशों में भी भेजा हुआ था। इसके अलावा भारत के अंतरराष्ट्रीय धावक अविनाश सावले को भी केंद्र सरकार अपने खर्चें पर कई देशों में बेहतर प्रशिक्षण हासिल करने के लिए भेजा हुआ था। ऐसे में कहीं ना कहीं केंद्र सरकार की ओर इन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने में विशेष भूमिका निभाई गई थी।

### भारत खिलाड़ियों ने कई खेल स्पर्धाओं में पहली बार जीतें हैं पदक

गौरतलब हो कि चीन के होंगझोउ में हुए 19 वे एशियन गेम्स में इस बार भारतीय खिलाड़ियों कई ऐसी खेल स्पर्धाओं में पदक हासिल किए हैं, जिनमें इससे पहले भारत ने कभी भी कोई पदक नहीं जीता था। गौरतलब हो कि भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार के एशियन गेम्स में जिन कुल नई स्पर्धाओं में मेडल जीतने का काम किया है उनमें मुख्य रूप से रोलर स्केटिंग, घुड़सवारी, गोल्फ और नौकायन सहित कुल 16 खेल विधाएं शामिल हैं। ऐसे में निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन पिछले कुछ सालों की तुलना में काफी ज्यादा उम्दा हुआ है। गौरतलब हो कि आज से तकरीबन आठ से दस सालों पहले तक भारत के खिलाड़ी केवल हाकी, दौड़, भाला फेक, कुश्ती आदि खेलों में हिस्सा लेतें थें। क्योंकि नौकायन, घुड़सवारी और स्केटिंग जैसे खेल स्पर्धाओं में शामिल होने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को सरकार की तरफ से बढ़िया प्रशिक्षण और सुविधाएं नहीं मिल पाती थी। लेकिन साल 2014 में प्रधानमंत्री पद पर नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित होने के बाद से केंद्र सरकार ने लगातार खिलाड़ियों को बेहतर और अच्छा खेल प्रशिक्षण देने का प्रयास किया है। नतीजतन आज देश के खिलाड़ियों ने अन्य खेलों में मेडल जीतकर देश का नाम उचा किया है।

### ओलंपिक खेलों में भी बढ़ेगा भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

एशियन गेम्स में जिस तरह से भारतीय खिलाड़ियों ने कुल 107 मेडल जीतकर शीर्ष चार देशों की सूची में स्थान हासिल किया है उससे पूरा देश काफी ज्यादा गौरवान्वित हुआ है। इसके साथ ही एशियन गेम्स में इस बार इतनी भारी संख्या में मेडल जीतने के बाद कहीं ना कहीं देश की केंद्र सरकार की बहुत ज्यादा उत्साहित है। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अगले ओलंपिक में भारत के खिलाड़ी इसी तरह से मेडल जीतकर देश का नाम दुनिया भर में उचा करेंगें। क्योंकि जिस तरह से देश की सरकार ने बीते आठ नौ सालों में देश के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाए देनी शुरू की है। उसको देखते हुए इसमें कोई संशय नहीं है कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में भी 100 से ज्यादा मेडल जीतेंगें। इस लिहाज यदि आज देश के खिलाड़ी दुनिया भर की खेल स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहें हैं तो इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत ही है। हालांकि यहा पर केंद्र सरकार भी बधाई की पात्र है, जिसने देश के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मुहैया कराई हैं।

*एशियन गेम्स में इस बार इतनी भारी संख्या में मेडल जीतने के बाद कहीं ना कहीं देश की केंद्र सरकार की बहुत ज्यादा उत्साहित है। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अगले ओलंपिक में भारत के खिलाड़ी इसी तरह से मेडल जीतकर देश का नाम दुनिया भर में उचा करेंगें। क्योंकि जिस तरह से देश की सरकार ने बीते आठ नौ सालों में देश के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाए देनी शुरू की है। उसको देखते हुए इसमें कोई संशय नहीं है कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में भी 100 से ज्यादा मेडल जीतेंगें।*

## शार्ट न्यूज

### हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली की एक अदालत ने हत्या के अपराधी को आजीवन कारावास और 21 हज़ार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस सूत्रों से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार एफटीसी द्वितीय राकेश तिवारी की अदालत ने हत्या के अपराधी को आजीवन कारावास और 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है। बताया गया कि पुरानी रंजिश के चलते अभियुक्त द्वारा वादी की बहन से गाली-गलौज मारपीट करने व लाठी से वार करने के दौरान वादी की बहन की मृत्यु हो गयी थी । इस सम्बन्ध में थाना महराजगंज पर करीब दो साल पहले हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। साक्ष्यों व गवाही से आरोपों की पुष्टि होने पर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। न्यायालय द्वारा हत्या के अपराधी राम खेलावन को आजीवन कारावास एवं 21 हज़ार रूपये अर्थदण्ड की सजा दी गयी है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अल्का बाजपेयी व आरक्षी पैरोकार जयवीर सिंह का योगदान सराहनीय रहा है।

### 06 कुन्तल गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के खुखुन्दू में शुक्रवार को एसटीएफ की टीम और खुखुन्दू पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 06 कुन्तल से अधिक अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने यहां बताया कि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम और खुखुन्दू पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवरिया-सलेमपुर मार्ग के खुखुन्दू चौराहे पर एक कन्टेनर वाहन में अलग से टीन की केबिन बनाकर छिपाकर रखे गये कुल 62 पैकेटों में कुल 06 कुन्तल 54 किलो अवैध गांजा बरामद किया ।उन्होंने बताया कि बरामद गांजे की बाजार कीमत करीब 01 करोड़ 50 लाख रूपये है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर उदय भान सिंह जिला बांदा और राजेश कुमार जिला देवरिया का है। कन्टेनर को सीज करते हुए गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ थाना खुखुन्दू में धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### युवक का पानी में शव मिलने से मचा हडकंप

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के चरखारी क्षेत्र में आज एक युवक का पानी मे तैरता हुआ शव बरामद किए जाने से इलाके में हडकंप मच गया। पुलिस उप अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि कस्बे के कोठी ताल में बरामद किए गए युवक के शव की शिनाख्त रूप नगर मोहाल के विनोद कुमार (34) के रूप में की गई है। वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालता था। उसके पास निजी तौर पर मकान न होने के कारण गोवर्धन नाथ मेला ग्राउंड के पास स्थित काशीराम कालोनी में उसे आवास एलाट था। विनोद की मौत का कारण स्पष्ट नही है। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि श्रमिक की मौत पर तमाम प्रकार की चर्चाएं लोगो द्वारा की जा रही है। उसे कुछ मित्रो के साथ कल रात कोठी तालाब के निकट देखे जाने की बात कही जा रही है। देर रात अकारण घूमने पर गश्ती पुलिस द्वारा उन्हें वहां से भगाया गया था। भाई मनोज ने घटना पर संदिग्धता व्यक्त की है। विनोद की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

### तहसीलदार पर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश

आगरा। आगरा में गुरुवार रात तहसीलदार पर खनन माफिया ने जानलेवा हमला किया। उनकी सरकारी गाड़ी पर जेसीबी चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की। इसके बाद लाठी-डंडे बरसाए। तहसीलदार को खेतों में भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। इस दौरान तहसीलदार और उनकी टीम को काफी चोट आई है। उनकी सरकारी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई है। दरअसल, जैतपुर थाना क्षेत्र के नहटोली गांव में अवैध खनन की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर तहसीलदार प्रवेश कुमार और नायब तहसीलदार विपिन कुमार पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को रोकने की कोशिश की। इस पर खनन माफिया ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। जेसीबी चढ़ाने की भी कोशिश की। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स और राजस्व विभाग की टीम ने 7 ट्रैक्टर जब्त किए। तहसीलदार प्रवेश कुमार ने बताया, जानकारी मिली थी कि नहटौली गांव में बड़े स्तर पर अवैध खनन होता है। जिसके बाद रात करीब साढ़े 10 बजे हम अपनी टीम के साथ पहुंचे। वहां एक ट्रैक्टर ट्रॉली खनन करके मिट्टी ले जाता हुआ दिखाई दिया। मौके पर जेसीबी भी था और हमने ट्रैक्टर को रुकवा दिया।

### छात्रा से छेड़खानी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

एटा। एटा में छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 8वीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की थी। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पीड़िता का आरोप है कि इसके पहले आरोपी शिक्षक कई छात्राओं से छेड़छाड़ कर चुका है, लेकिन उन्होंने लोक लाज के भय से शिकायत नहीं की। आरोपी शिक्षक सिलेबस से हटकर यौन संबंधी शिक्षा दिया करता था। छात्रा के सनसनी खेज खुलासे से शिक्षा विभाग में हड़कंप है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन पीड़ित छात्रा अलीगंज थाने मे कलयुगी शिक्षक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने की जद्दोजहद परिजनों के साथ कर रही थी। शिक्षा के मंदिर में शिक्षक ने छात्रा से पानी मंगाने के बहाने छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दिया। परिजनों के दबाव के बाद अलीगंज कोतवाली में आईपीसी की धारा 354, 504, 506 और पाक्सो एक्ट के तहत पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। जिसके बाद गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पीड़िता और उसके परिजनों ने सनसनी खेज खुलासा किए।

### महिलाओं ने बीडीओ कार्यालय का किया घेराव

गाजीपुर। ग़ाज़ीपुर में उचित दर की दुकान के चयन में मीरा स्वयं सहायता समूह को नियुक्ति पत्र नहीं देने से समूह की महिलाएं शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी के कार्यालय पहुंची और हंगामा किया। नियुक्ति से संबंधित प्रपत्र की मांग की। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव ने महिलाओं को समझा-बुझाकर कर घेराव समाप्त कराया। मालूम हो कि कासिमाबाद विकासखंड के रामगढ़ ग्राम पंचायत की उचित दर विक्रेता की दुकान निरस्त कर दी गई है। यहां पर नई दुकान के चयन के लिए 20 सितंबर को खुली बैठक में लोग कम होने के कारण अधिकारी उपस्थित लोगों का हस्ताक्षर कराकर बैठक को स्थगित कर दिया। उसके बाद 9 अक्टूबर को प्रस्ताव किए गए। मीरा स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष शांति देवी ने बताया कि केवल तीन लोगों का प्रस्ताव दुकान के लिए आया था। जिसमें शिवगंगा स्वयं सहायता समूह, दूसरा भीमाबाई आजीविका स्वयं सहायता समूह, तीसरा मीरा स्वयं सहायता समूह ने आवेदन किया। सभी अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच मीरा स्वयं सहायता समूह के सभी प्रपत्र उचित दर विक्रेता के पात्र बताए गए। वहां पर उपस्थित अधिकारियों ने इसकी घोषणा भी कर दी।

### बक्से में मिला महिला का निर्वस्त्र शव

लखनऊ। लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह भटवारा गांव के पास इंदिरा नहर में मछली पकड़ने के लिए डाले गए जाल में एक बक्शा फंस गया। मछुआरों द्वारा बक्सा खोलने में उसमें एक महिला का नग्न शव मिला। महिला के गले में सड़ी का फंदा था। शव देख कर आशंका जताई जा रही है कि महिला का रेप कर उसकी ही साड़ी से गला घोटकर शव यहां पर फेंका गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।पुलिस शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों और जिलों में सूचना दी गई है। गोसाईगंज प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह भटवारा निवासी मुछुआरे राम रतन कश्यप ने सूचना दी कि इंदिरा नहर में उसने मछली पकड़ने के लिए जाल लगाया गया था। जिसमें एक बक्सा फंस गया। जिसको निकाल कर बाहर लाने पर देखा तो उसमें एक महिला निर्वस्त्र शव था। शव देख कर लग रहा है कि एक सप्ताह से ज्यादा पुराना है। थाना पुलिस ने शव की शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन नहीं हो पाई है। मृतका की उम्र करीब चालीस साल के आसपास है। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए।

# जब तक नए शिक्षकों की न हो नियुक्ति तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की लें सेवाएं : योगी

## सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अंतर्गत 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकल विहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया।

सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी



सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है।

सीएम योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी। प्रदेश के नागरिक अपने आपको सुरक्षित नहीं महसूस कर पाते थे। अव्यवस्था और अराजकता का वातावरण होता था। दंगे और भ्रष्टाचार यहां की पहचान थे। निवेशक प्रदेश छोड़कर जा रहे थे। हमारी सरकार ने जब सुरक्षित माहौल दिया तो प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इससे एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हमारी सरकार छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। इसमें 164000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। देश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक पर्यटन यहीं है, जिसमें भारी बढ़ोतरी हुई है। 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ डेढ़ से दो करोड़ पर्यटक ही आते थे। आज यह संख्या बढ़कर एक वर्ष में 30 करोड़ पर्यटकों की हो चुकी है। प्रदेश में एक पर्यटक के आने से विभिन्न तरह के रोजगार सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं तो उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके हर क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को अपने स्तर पर कार्य करने होंगे। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का केंद्र रहा है। आजादी के समय देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षकों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश करता था। हमें फिर से उस दिशा में प्रयास करते हुए अनुशासित और राष्ट्र भक्त नागरिकों की फौज खड़ी करनी होगी।

# अधिक से अधिक महिला श्रमिकों का होगा पंजीकरण

## योगी सरकार ने महिला श्रमिकों को कार्य के समान अवसर प्रदान कराने के दिए निर्देश

लखनऊ। सीएम योगी द्वारा मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत से पूर्व योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अधिक से अधिक महिला श्रमिकों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनके परिवार को आजीविका भी सुनिश्चित की जा सके। यही नहीं, महिलाओं को कार्य के समान अवसर प्रदान कराते हुए कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।



### कैंप लगाकर किया जाए पंजीकरण

प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बापू भवन में विभाग के प्रमुख क्रियाकलापों पर प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने सराहनीय कार्य किए हैं, इन्हें आगे भी जारी रखा जाए। प्रदेश में जगह-जगह कैम्प लगाकर महिला श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने के साथ ही दुर्घटना रहित, सुरक्षित औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण द्वारा श्रमिकों की नियमित कौशल वृद्धि सुनिश्चित करते हुए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

### अटल आवासीय विद्यालयों के अगले सत्र की तैयारी

उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत के संचालित आवासीय विद्यालयों का सतत निरीक्षण किया जाए और विद्यालयों के संचालन में यदि कोई कमी दिखाई देती है, तो उसे शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि अगले सत्र की तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए, ताकि बाद में कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि श्रमिक विकास कार्यों की आधारशिला हैं, इसलिए उनका आर्थिक एवं सामाजिक हितलाभ सर्वोपरि है। संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सुनिश्चित हित लाभ अधिकारों को संरक्षित रखा जाए और औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

### श्रमिकों के हितों के लिए विभाग ने उठाए कई कदम

बैठक में प्रमुख सचिव श्रम, अनिल कुमार ने कहा कि औद्योगिक नगरों में कारखानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए आवास की व्यवस्था और विभिन्न श्रमिक अधिनियमों से सम्बन्धित कार्यों को ऑनलाइन किया गया है।

उन्होंने बताया कि व्यापार जगत की सुगमता हेतु अधिकांश सेवाओं को ऑटोमेटेड किया गया है।

### युवक हत्या : पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने की जांच शुरू

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले मे पुरानी रंजिश को लेकर हुई हत्या मामले में पीड़ित पक्ष से शुक्रवार को मिली तहरीर के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी । पुलिस ने बताया कि सौदागर अली (35 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय अकबर अली निवासी काशीपुर, थाना व जनपद भदोही अपने दोस्त इरफ़ान के साथ मोटरसाइकिल से स्थानीय थाना क्षेत्र के घमहापुर गया था। जहां से रात्रि में वापस लौटते समय ग्राम घमहापुर पोखरा के पास कासिम व हासिम पुत्रगण मोबिन तथा आमीन उर्फ डीजल पुत्र निसार अहमद निवासीगण ग्राम घमहापुर थाना व जनपद भदोही द्वारा घात लगाकर धारदार हथियार से सौदागर की हत्या कर दी जबकि इरफान ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। हत्या की सूचना पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। बताया गया कि पुरानी रंजिश को लेकर इस हत्या को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आज सुबह मृतक की मां शहीदून निशा की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए धारा 302, 34 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर मीनाक्षी कात्यायन ने भी फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

# गोंडा में हादसे में सगे भाइयों समेत 3 की मौत

## एक ही बाइक पर सवार होकर आ रहे थे तीनों



गोंडा। गोंडा जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पिकअप की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। मनकापुर की तरफ से गोंडा मुख्यालय एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक आ रहे थे और कमल पेट्रोल पंप के पास पिकअप वाहन की चपेट आने से ये हादसा हुआ है।

इस सड़क हादसे में मौके पर ही दो व्यक्तियों की मौत हो गई है तो वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल था, जिसे गोंडा के जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतक व्यक्तियों के शव को कब्जे में लेकर नगर कोतवाली पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की विधि कार्यवाही में जुटी हुई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कमल पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ है। मनकापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगापुर हतवा झिलाही के रहने वाले 42 वर्षीय छेदी उर्फ अशोक कुमार, मनकापुर थाना क्षेत्र के डीहलबल के रहने वाले राघवेंद्र कुमार (25) और सुबोध प्रताप (32) एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोंडा मुख्यालय आ रहे थे। सड़क हादसे में छेदीलाल उर्फ अशोक कुमार और राघवेंद्र कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है।

### पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

वहीं सड़क हादसे में मृतक राघवेंद्र के भाई सुबोध कुमार गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें गोंडा के जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया , जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। सद्भावना पुलिस चौकी द्वारा मृतक और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है परिजन गोंडा जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। नगर कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही आगे की जांच में जुटी हुई।

# आंख में काली पट्टी बांधकर सपाइयों का प्रदर्शन

सोनभद्र। सोनभद्र में स्वास्थ्य दुर्व्यवस्था को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला सचिव के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर आंख पर काला फीता बांध कर स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव ने कहा कि जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड का डॉक्टर न होने से मरीजो को 20 से 25 दिन का समय देकर वापस किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, जबकि सोनभद्र मे भाजपा के 4 विधायक, भाजपा के सांसद, रूस्ट, चेयरमैन है लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था पर चुप क्यों है, इसी को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर आंख पर काला फीता बांधकर जमकर प्रदर्शन किया।

समाजवादी पार्टी के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा की सोनभद्र अति पिछड़ा इलाका दुरूह क्षेत्र है, लेकिन जनता को परेशान किया जा रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था ख़राब है, एम्बुलेंस व्यवस्था ठीक नहीं चल रही है, मरीज़ों की जांच होने वाली मशीने बंद पड़ी हैं।

# बरेली में सब रजिस्ट्रार समेत 14 पर एफआईआर

## फर्जी तरह से जमीन की रजिस्ट्री कराई

बरेली। जमीन की फर्जी तरह से रजिस्ट्री कराने के मामले में सब रजिस्ट्रार समेत 14 लोग फंस गए। इस मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के निर्देश पर कैंट थाने में 14 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब जांच शुरू कर दी है। इनमें चकबंदी विभाग के अधिकारी भी हैं। पीड़ित व्यक्ति द्वारा एसएसपी से यह शिकायत की गई।

### कैंट थाने में दर्ज हुआ केस

कैंट पुलिस के अनुसार एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर सब रजिस्ट्रार प्रभारी, लेखपाल, कातिब समेत 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान।

की है। जिसमें बहादुरपुर निवासी पुरुषोत्म ने अपने साथी प्रदीप के साथ मिलकर मार्च माह में फर्जी तरह से बैनाम कराए। जिसमें महिला ने एसएसपी को बताया था कि सब रजिस्ट्रार और अन्य लोगों की मिली भगत है। बारादरी क्षेत्र के मॉडल टाउन निवासी विम्मी मदान ने एसएसपी से की शिकायत में बताया कि गांव मोहनपुर में मेरी जमीन है। जमीन के फर्जी दस्तावजे बनाकर बैनामा कराने के मामले में पूर्व में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी हरिओम को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं प्रदीप कुमार व पल्लव की तलाश की जा रही थी।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए

पुलिस ने बताया कि शाहजहांपुर के पुरुषोत्मम ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपने और प्रदीप कुमार के नाम से 17 मार्च 2023 को कराए गए फर्जी बैनामे के आधार पर जमीन अलग-अलग लोगों को बेची।

28 अगस्त 2023 को एक फर्जी रजिस्ट्री व एक इकरार नामा आवासीय प्लाट दिखाकर रजिस्ट्रीकृत किया गया। इस मामले में रवि प्रकाश, प्रभारी सब रजिस्ट्रार तोषक राजन, कातिब प्रदीप सक्सेना, लिपिक शिवम, चकबंदी लेखपाल सावन, वीरेंद्र प्रताप, वीरपाल समेत 14 पर केस दर्ज किया गया है।

# बाहुबली गुड्डू पंडित को डेढ़ साल की सजा

## 12 साल पुराने मामले में हुई पूर्व एमएलए को सजा

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर की डिबाई विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे गुड्डू पंडित को 12 साल पुराने मामले में दोषी ठहराया गया। वहीं उन्हें डेढ़ साल की सजा सुनाई गई है। मामले में विशेष न्यायालय (एमपी-एमएलए) एसीजेएम अनूपशहर विनय कुमार सिंह चतुर्थ ने सुनवाई की। इसके बाद अनुचित दबाव बनाने और पुलिस से फर्जी एनकाउंटर में जान से मरवाने की धमकी देने के मामले में साक्ष्यों के आधार पर गुड्डू पंडित को दोषी माना।

विशेष लोक अभियोजक हितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि 2011 में शिकारपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया था। गांव हलपुरा निवासी राकेश शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने डिबाई विधानसभा सीट से विधायक गुड्डू पंडित उर्फ श्रीभगवान शर्मा के खिलाफ प्रचार-प्रसार किया था। वह खुद भी चुनाव मैदान में उतरना चाहता था, लेकिन गुड्डू पंडित ऐसा नहीं होने देना चाहते थे। आरोप था कि गुड्डू पंडित ने कई बार उस पर अनुचित



दबाव बनाया। साथ ही गलत कार्यों में सहयोग न करने पर कई बार पुलिस एनकाउंटर में मरवाने की धमकी भी दी।

फोन पर भी विधायक ने कई बार राकेश शर्मा से रंगदारी मांगी और ऐसा न करने पर उसे धमकाया गया। पीड़ित ने गुड्डू पंडित से हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग की सीडी भी तैयार कर उच्च अधिकारियों को उपलब्ध कराई लेकिन, पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। शिकायत करने पर उसे फिर से धमकी दी गई थी। बाद में पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुड्डू पंडित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की और चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। न्यायालय ने अब दोनों पक्षों के गवाहों के बयानों और साक्ष्यों का अवलोकन कर पूर्व विधायक को दोषी मानकर 14 महीने के कारावास की सजा सुनाई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे को दी थी मात

पूर्व बाहुबली विधायक श्रीभगवान शर्मा उर्फ गुड्डू पंडित ने वर्ष 2007 में बसपा की टिकट पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे और एटा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया को शिकस्त देकर प्रदेश की राजनीति को गरमा दिया था। डिबाई विधानसभा क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का गढ़ माना जाता है। ऐसे में इस सीट पर उनके बेटे राजू भैया की हार प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई थी। इसके बाद गुड्डू पंडित ने वर्ष 2012 में सपा के टिकट पर राजू भैया को लगातार दूसरी बार हराकर राजनीतिक पंडितों को भी चौंका दिया था। वर्ष 2016 में उन्होंने सपा का दामन छोड़ दिया था।

### फंदे से लटका मिला पीएसी जवान की पत्नी का शव

औरैया। औरैया में सदर कोतवाली के मोहल्ला गोविंदनगर निवासी एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर मायके वाले भी आ गए और जमकर हंगामा किया। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। गोविंदनगर निवासी प्रशांत पीएसी एटा में तैनात हैं। 14 नवंबर 2021 को उनकी शादी ग्वालियर निवासी अंजली उर्फ प्राची से हुई थी। बताते हैं कि शादी के बाद से दोनों में अनबन हो रही थी। शुक्रवार को प्राची का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पति और परिजन भी अस्पताल में थे। इधर मायके वाले सूचना मिलते ही अस्पताल आ गए और जमकर हंगामा कर दिया और पति के साथ हाथापाई भी की। परिजन दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगा रहे थे।

# महोबा में 15 लाख की कीमत का गांजा बरामद

## तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**महोबा।** महोबा में मध्य प्रदेश चुनाव के बीच सक्रिय हुए गांजा तस्करों पर जनपद की पुलिस ने नकेल लगाई है। मध्यप्रदेश की सीमा से जुड़े जनपद के इलाके में एक संदिग्ध बोलेरो कार से गांजे की बड़ी खेप बरामद की गई। बरामद गांजे की कीमत 15 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। ये गांजा तस्कर उड़ीसा और मध्यप्रदेश के रास्ते नशे के कारोबार को करने में लगे हुए थे।

दरअसल आपको बता दें की महोबा जनपद की सीमा से मध्य प्रदेश लगा हुआ है। जहां पर विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर गांजा तस्करों के सक्रिय होने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर मध्य प्रदेश की सीमा से लगे थानों में विशेष सतर्कता करते हुए चेकिंग अभियान चलाए जा रहे थे। इसी दरमियान पुलिस को सूचना मिली कि श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र से एक बोलेरो कार से गांजे की बड़ी खेप जा रही है।

इस सूचना पर जनपद की स्वॉट और कोतवाली पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान आ रही एक संदिग्ध बोलेरो कार को हाथ दिया गया तो गांजा तस्कर भागने का प्रयास करने लगे। तब पुलिस ने घेराबंदी कर बोलेरो कार को रोक कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए तीनों गांजा तस्कर मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद के रहने वाले हैं जिनके नाम जगदीश रैकवार, मनोज रावत, भरत सेन है, जो नशे का कारोबार करते हैं। तीनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि कार के अंदर 53 किलो 200 ग्राम गांजा रखा हुआ है। जिसकी बाजारी कीमत 15 लाख रुपए है।

## शार्ट न्यूज

### यूपी में बेरोजगारी दर घटकर हुई 2.6 फीसदी

2017-18 में राष्ट्रीय बेरोजगारी दर थी 6.1, 2022-23 में हुई 3.4 फीसदी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने समाज के हर वर्ग को रोजगार प्रदान करने में अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साढ़े छह वर्ष में छह लाख से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान कर यूपी के युवाओं को सशक्त किया गया है। मिशन रोजगार के तहत कार्य कर रही योगी सरकार निरंतर युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार 2017-18 में राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 3.4 फीसदी हो गई है। वहीं उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो बेरोजगारी दर कम करने में राज्य ने अच्छा प्रदर्शन किया है। 2017-18 में यूपी में बेरोजगारी दर 6.4 फीसदी थी, जो 2022-23 से घटकर 2.6 फीसदी हो गई है। इन आंकड़ों को देखें तो योगी सरकार द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चलाया जा रहा मिशन रोजगार अभियान प्रदेश में सफल रहा है। इसके जरिए गत साढ़े छह वर्ष में प्रदेश सरकार छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ी है।

### पेटेंट आवेदनों का निपटान तेज किया जाएगा, कार्यालयों में मानव संसाधन दोगुना होगा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि पेटेंट के आवेदनों पर कार्यवाही को शीघ्रता से निपटाने के लिए पेटेंट कार्यालय में मानव संसाधन दोगुना किया जाएगा तथा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। गोयल ने यहां 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सम्मेलन 2023 में ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिए बौद्धिक संपदा के विकास का पोषण' विषय पर संबोधन में पेटेंट, डिजाइन और व्यापार महानियंत्रक कार्यालय के 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा के आवेदनों की जांच और निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मानव संसाधन बढ़ाकर दोगुना किया जाएगा और प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में नवाचार में महिलाओं की भागीदारी आशाजनक है और महिलाएं आज स्टार्टअप सहित विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि लगभग आधे भारतीय स्टार्टअप में कम से कम एक या अधिक महिला निदेशक हैं। गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भारत के लिए बाजी पलटने वाला साबित होने की उम्मीद है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 06 अक्टूबर को को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह गिरता हुआ 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर रहा गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 70.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 519.5 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.4 अरब डॉलर की कमी के साथ 42.3 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.9 अरब डॉलर रह गई।

### पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस ने मॉड्यूलर स्विचेस की नयी रेंज लांच की

नयी दिल्ली। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी) ने आज अपने नए मॉड्यूलर स्विचेस- अकिना और रीजेंट को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि यह बिजली के स्विचेस बनाने वाली सबसे बड़ी निर्माता तथा देश की सबसे बड़ी ईसीएम कंपनियों में से एक है। पैनासोनिक ऐसे समय में बहुपयोगी स्विच की यह रेंज लेकर आया है, स्विचेस की ये रेंज बेहतरीन कलाकारी और आधुनिक तकनीक का एक अनोखा मेल है। नई मॉड्यूलर स्विच रेंज स्टाइल तथा खूबसूरती का एक पूरा पैकेज है, जोकि घर तथा ऑफिस के इंटीरियर में चार-चांद लगाता है। अपने स्लिम तथा स्लीक फ्रन्ट प्लेट के साथ, अकिना का डिजाइन और उपयोगिता कमाल की है। यह बेहतरीन क्वॉलिटी के मैटेरियल से बना है और घर तथा ऑफिस दोनों के इंटीरियर को और भी खूबसूरत तथा बहुपयोगी बनाता है। अकिना रेंज मॉड्यूल रोटेशन फीचर के साथ आता है जोकि हॉरिजोंटल एवं वर्टिकल रोटेशन के साथ उन जगहों पर इंस्टॉल करने की सुविधा देता है जहां जगह सीमित है।

### ओजांक आईएएस एकेडमी का आधुनिक गुरूकुल अवधारणा में बदलाव

नयी दिल्ली। ओजांक आईएएस एकेडमी- नोएडा में गुरूकुल की स्थापना के द्वारा यूपीएससी कोचिंग के तरीकों में बदलाव लेकर आई है। ओजांक आईएएस एकेडमी के संस्थापक ओजांक शुक्ला ने आज यहां कहा कि राजधानी के मुखर्जी नगर के भीड़भाड़ भरे वातावरण से नोएडा के शांत माहौल की ओर रुख करने से कोचिंग शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा और छात्र समग्र दृष्टिकोण के साथ यूपीएससी की तैयारी कर सकेंगे। नोएडा उद्योगों, कार्यालयों, इंटरनेशनल स्कूलों और प्रख्यात युनिवर्सिटियों का हब बन गया है। इसी के मद्देनज़र ओजांक आईएएस को नोएडा लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नोएडा को शैक्षणिक हब में बदलने के दृष्टिकोण के साथ ओजांक गुरूकुल का लॉन्च किया जा रहा है। इस अनूठे कोचिंग संस्थान में गुरू शिक्षा की पारम्परिक परम्परा का उपयोग किया जाता है। गुरूकुल में छात्र 24 घण्टे लर्निंग में सक्रिय रहते हैं, उन्हें न सिर्फ अकादमिक अध्ययन करने बल्कि अन्य रोचक गतिविधियों में भी हिस्सा लेने का मौका मिलता है, जिन्हें खासतौर पर यूपीएससी परीक्षा की व्यापक तैयारी को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

### ईडी ने लावा के अधिकारी समेत चार आरोपितों की हिरासत अवधि 10 दिन बढ़ाने की मांग की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लावा इंटरनेशनल मोबाइल कंपनी के प्रबंध निदेशक और एक चीनी नागरिक समेत चीनी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी वीवो के खिलाफ धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार चार लोगों की हिरासत 10 दिन बढ़ाने की शुक्रवार को मांग की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जांगला ने 10 अक्टूबर को आरोपियों को तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। चारों आरोपियों- लावा इंटरनेशनल कंपनी के प्रबंध निदेशक हरि ओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फ एंड्रयू कुआंग और चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक को हिरासत की अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। इसमें कहा गया है कि उनका 13 गवाहों से आमना-सामना कराया गया और कई उपकरणों से डिजिटल डेटा निकाला गया।

### आईपीओ से जुड़ी धोखाधड़ी मामले में दो विदेशी नागरिकों समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद में करोड़ों रुपये के कथित आईपीओ घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें अमेरिका का एक निवासी, वानुअतु का एक और एक भारतीय शामिल है। अमेरिका के निवासी पवन कुचाना, वानूआतू गणराज्य के निवासी निर्मल कोटेचा और किशोर तापड़िया को 11 अक्टूबर को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया था। उन्हें गुरुवार को हैदराबाद में एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें 25 अक्तूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने 1992 के सेबी अधिनियम के तहत तक्षशील सॉल्यूशंस लिमिटेड, उसके प्रवर्तकों और निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ 10 रुपये मूल्य के 55,00,000 शेयरों के आईपीओ के संबंध में अनियमितताओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी।

# वैश्विक अचल सम्पत्ति बाजार में नरमी के दौर में भारतीय शहरों का प्रदर्शन बेहतर

मुंबई। वैश्विक सम्पत्ति बाजार का अध्ययन और उस पर परामर्श सेवाएं देने वाली कंपनी नाइट फ्रैंक की एक ताजा रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि इस वर्ष दूसरी तिमाही में वैश्विक स्तर पर मकानों की कीमत में वृद्धि में नरमी के बीच भारतीय शहरों की रैंकिंग सुधरी है। विश्लेषकों की राय है कि भारत में ब्याज दर बढ़ने के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में बुनियादी मजबूती तथा उपभोक्त्ओं का आत्मविश्वास ऊंचा होने और अन्य अनुकूल स्थितियों से मकानों की मांग में सुधार बना रहेगा।

नाइट फ्रैंक ने 2023 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) पर अपनी रिपोर्ट ग्लोबल रेजिडेंशियल सिटीज इंडेक्स, दूसरी तिमाही, 2023 में दर्शाया है कि दुनिया के 107 शहरों में आवासीय मूल्य वृद्धि 2023 की दूसरी तिमाही में धीमी हो कर सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह इन शहरों में कीमतों में भारांकित कीमत वृद्धि 11.7 प्रतिशत थी। इस तरह इस वर्ष दूसरी तिमाही का प्रदर्शन कोविड19 वैश्विक महामारी की पहली लहर के दौर से भी कम रही है। 2019 की दूसरी तिमाही में कीमत वृद्धि की दर 2.9 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट के अनुसार इस रिपोर्ट में भारत का मुंबई शहर 2023 की दूसरी तिमाही में मकानों की कीमतों में 6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वैश्विक रैंकिंग में 19वें स्थान पर रहा। पिछले साल इसी अवधि में शहर में मकान की कीमत वृद्धि दर 6.10 प्रतिशत थी और इसके इस रिपोर्ट में इस दृष्टि से 95वें स्थान पर रखा गया था।

बेंगलुरु इस बार 5.30 प्रतिशत कीमत वृद्धि के साथ रैंकिंग में 22वें स्थान पर है जबकि पिछले वर्ष अवधिके लिए नाइट फ्रैंकी रैंकिंग में इसका स्थान 8.90 प्रतिशत कीमत वृद्धि दर के साथ 77वां था। इसी तरह दिल्ली 4.50 प्रतिशत कीमत वृद्धि के था 25वें स्थान पर रहा। एक वर्ष पहले यह 6.50 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ रैंकिंग में 90 वें स्थान पर था।

चेन्नई को 2.50 प्रतिशत कीमत वृद्धि दर के साथ रैंकिंग में 39वां स्थान दिया गया है। पिछले साल शहर की कीमत वृद्धि 4.70 प्रतिशत और रैंकिंग थी। कोलकाता की वृद्धि चेन्नई के समान रही है और रैंकिंग 40वें स्थान की है। वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही संबंधी नाइट फ्रैंक की रिपार्ट में इस शहर को 114वीं रैंकिग मिली थी जबकि शहर में मकानों की कीमतों में सालाना आधार पर वृद्धि 4.10 प्रतिशत थी

तुर्की की राजधानी अंकारा 105.9 प्रतिशत की उच्चतम कीमत वृद्धि दर के साथ नाइट फ्रैंक के इस सूचकांक में पहले स्थापर पर है। उसके बाद इस्तांबुल का स्थान है (85.1 प्रतिशत कीमत वृद्धि) और दुबई (17.4 प्रतिशत वृद्धि) का स्थान है। स्टॉकहोम शहर मकानों की कीमतों में सालाना आधार पर 14.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ नाइट फ्रैंक वैश्विक आवासीय शहर सूचकांक (दूसरी तिमाही, 2023) में सबसे नीचे है।

नाइट फ्रैंक के शोध के वैश्विक प्रमुख लियाम बेली ने कहा, इस बात के शुरुआती संकेत है कि कई प्रमुख वैश्विक शहर बाजारों में स्थितियों में सुधार होने लगा है। हालांकि यह संभावना है कि बढ़ती दरें अब हमारा पीछा कर रही हैं लेकिन घर लेने वालों को निकट भविष्य में मौजूदा ऊंची ब्याज दरों से जूझना पड़ सकता है और इस कारण से वैश्विक आवास बाजार में सुधार की गति सीमित रहेगी।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 2022 की शुरुआत के बाद से मजबूत मांग के साथ-साथ आवासीय कीमतें एक स्वस्थ गति से बढ़ी हैं। ब्याज दरों में वृद्धि के बावजूद, उपभोक्ता विश्वास में वृद्धि हुई है जिससे ज्यादा संख्या में मकान बिके हैं। भारत में तुलनात्मक रूप से मजबूत आर्थिक बुनियादों से घर खरीदारों और वैश्विक निवेशकों दोनों के लिए आवासीय संपत्तियों की मांग की गति बनी रहने की उम्मीद है।

# वाणिज्य निर्यात में गिरावट सितंबर, 2023 में 2.6 प्रतिशत तक सीमित रही

एजेंसी

नयी दिल्ली। विकसित बाजारों में नरमी के बीच, भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात इस वर्ष सितंबर में सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत घट कर 34.47 अरब डॉलर के बराबर रहा। पिछले वर्ष सितंबर में वाणिज्यिक निर्यात 35.39 अरब डॉलर था।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात एक साल पहले की तुलना में 15 प्रतिशत गिरकर 53.84 अरब डॉलर रहा।

सितंबर, 2023 में व्यापार घाटा (आयात की तुलना में निर्यात की कमी) 19.37 अरब डालर था।

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के अध्यक्ष डॉ ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत के निर्यात में गिरावट का सिलसिला थाम लिया गया है और आने वाले समय में इसमें वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में निर्यात में गिरावट वैश्विक आर्थिक वृद्धि में नरमी है।



इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात कई महीनों तक गिरने के बाद इस बार सितंबर में सुधरा है। सितंबर में इंजीनियरिंग निर्यात कुल 8.91 अरब डालर का रहा जो सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात 24.78 अरब डॉलर था, जबकि सितंबर 2022 में यह 24.33 अरब डॉलर था। सितंबर 2023 में गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न और आभूषण (सोना, चांदी और कीमती धातुओं का आयात 33.58 अरब डॉलर था जबकि एक साल पहले इसी माह इनका आयात 38.25 अरब डालर था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि में वाणिज्यिक निर्यात 211.40 अरब डॉलर था जो पिछले साल की इसी अवधि के दौरान इनके 231.73 अरब डॉलर के निर्यात से 8.77 प्रतिशत कम है।

इसी तरह अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि में वाणिज्यिक आयात 326.98 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-सितंबर 2022 के दौरान 372.56 अरब डालर का आयात हुआ था।

आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात के अंतर्गत 30 प्रमुख वर्गों में से 12 में निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा है। अच्छा निर्यात प्रदर्शन करने वाले इन क्षेत्रों में लौह अयस्क (8054.78 प्रतिशत), तेल भोजन (72.66 प्रतिशत), सिरेमिक उत्पाद और कांच के बर्तन (50.49 प्रतिशत), सूती धागे/फैब्स/मेड-अप, हथकरघा उत्पाद आदि (27.39 प्रतिशत), मांस, डेयरी और पोल्ट्री शामिल हैं। उत्पाद (19.4 प्रतिशत), अनाज की तैयारी और विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं (17.65 प्रतिशत), तंबाकू (9.18 प्रतिशत), दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स (9.01 प्रतिशत), तिलहन (8.77 प्रतिशत), कालीन (7.51 प्रतिशत), इंजीनियरिंग सामान (6.79 प्रतिशत) और समुद्री उत्पाद (4.66 प्रतिशत) शामिल हैं।

सितंबर 2023 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाओं के निर्यात को मिला कर) 63.84 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले साल इस माह के मुकाबले 1.20 प्रतिशत की हल्की गिरावट दर्शाता है। सितंबर 2023 में कुल आयात 68.75 अरब पर सितंबर 2022 की तुलना में 13.67 प्रतिशत कम रहा।

डॉ शक्तिवेल और श्री गरोडिया का कहना है कि मुक्त व्यापार समझौतों का भारतीय निर्यात को फायदा मिल रहा है। फियो अध्यक्ष ने सूक्ष्म, लघु और मझोले क्षेत्र के उद्यमों की कर्ज की जरूरत पूरा करने पर विशेष ध्यान दिए जाने पर बल दिया है।

# भारतीय शिक्षा को विश्व स्तरीय बनाने का समझौता

नयी दिल्ली। अमेरिकन इंटरनेशनल एक्रेडिशन एसोसिएशन स्कूल्स एंड कालेजेस (एआईएएएससी) ने वेस्टर्न एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेजेस (डब्लूएएससी) के साथ गठबंधन की घोषणा की है, जिसके तहत भारत एवं विश्व के अन्य हिस्सों में इंटरनेशनल स्कूलों को संयुक्त मान्यता प्रदान की जाएगी।

इस गठबंधन से शिक्षा के क्षेत्र में भारत-अमेरिका के संबंधों में मजबूती आएगी। भारतीय उपमहाद्वीप में स्कूलों को संयुक्त मान्यता देने की प्रक्रिया से भारतीय विद्यार्थियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा और वो विश्व के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में एक अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। एआईएएसी और डब्लूएएससी दोनों ही मान्यता प्रदान करने वाले प्रतिष्ठित संकाय हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल स्कूलों में प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए सर्वोच्च मानकों और संकेतकों के साथ पैरामीटर निर्धारित किए हैं। इस गठबंधन द्वारा स्कूलों को अमेरिकन पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए शिक्षा की उच्च गुणवत्ता प्राप्त करना संभव हो जाएगा और वो कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के लिए मान्य अमेरिकन हाई स्कूल डिप्लोमा प्रदान कर पाएंगे। एआईएएएससी के अध्यक्ष डॉ रोनाल्ड जे कोवाच ने कहा, ''एआईएएएससी को एएससीडब्लूएएससी के साथ यह नया गठबंधन करने की खुशी है। इस गठबंधन की मदद से हम विश्व में उच्च गुणवत्ता की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा प्रदान करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता पूरी कर पाएंगे। हम दोनों ही संगठनों के सदस्यों के लिए स्कूल में सुधार लाने के संसाधनों का उपयोग करने, विश्व में अपने संपर्कों का विकास करने, और विद्यार्थियों के कल्याण के लिए एक मजबूत आधार एवं सपोर्ट स्थापित करने के अवसर प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।''

डब्लूएएससी के अध्यक्ष बैरी आर ग्रोव्स ने कहा, ''इस नए सदस्यता के अवसर को स्वीकार करके हम विश्व में सर्वोच्च अमेरिकन इंटरनेशनल स्कूलों को अपनी पहुँच एवं विकल्पों का विस्तार करने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहे हैं। डब्लू.ए.एस.सी. अपने कठोर गुणवत्ता के मानकों द्वारा स्कूलोंमें सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि स्कूलों एवं समुदायों की समृद्धि में योगदान दिया जा सके।''

# जल्द ही दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा भारत : पुरी

नयी दिल्ली। आवास एवं शहरी मामलों तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत का मेट्रो रेल नेटवर्क जल्दी ही दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क हो जाएगा। पुरी ने कहा कि सरकार देश भर में शहरी परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पुरी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय से जुड़ी संसद की सलाहकार समिति के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। बैठक का एजेंडा शहरी परिवहन था। इसमें मंत्रालय के शहरी परिवहन विभाग में संयुक्त सचिव जयदीप ने देश भर में मेट्रो नेटवर्क के विकास पर विवरण भी प्रस्तुत किया। सांसदों के सवालों के जवाब में पुरी ने बताया कि फिलहाल देशभर के 20 शहरों में करीब 874 किलोमीटर मेट्रो रेल चालू है और विभिन्न शहरों में करीब 986 किलोमीटर मेट्रो रेल निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बनाने की राह पर है।

इस मामले में चीन और अमेरिका अभी क्रमशः पहले तथा तीसरे स्थान पर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार चीन में कुछ समय पूर्व तक रेल का कुल नेटवर्क 9800 किलोमीटर तथा अमेरिका में यह 1400 किलोमीटर के आस पास है।

विज्ञप्ति के अनुसार पुरी ने सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर 10,000 ई-बसों को तैनात करके सिटी बस संचालन को बढ़ाने के लिए हाल ही में कैबिनेट द्वारा अनुमोदित एक योजना 'पीएम-ईबस सेवा' के बारे में भी उल्लेख किया।

# शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

मुंबई। विदेशी बाजारों के नकारात्मक संकेत के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग और टेक समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 125.65 अंक की गिरावट लेकर 66282.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.95 अंक उतरकर 19751.05 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत टूटकर 32,305.62 अंक और स्मॉलकैप 0.04 प्रतिशत फिसलकर 38,184.83 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3820 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1860 में बिकवाली जबकि 1804 में लिवली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27



कनपनियां गिरावट पर जबकि 23 तेजी पर रही।

बीएसई के 11 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.46, वित्तीय सेवाएं 0.49, आईटी 0.66, यूटिलिटीज 0.20, बैंकिंग 0.75, कैपिटल गुड्स 0.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.12, धातु 0.33, तेल एवं गैस 0.09, पावर 0.21 और टेक समूह के शेयर 0.49 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.47, जर्मनी का डैक्स 0.86, जापान का निक्केई 0.55, हांगकांग का हैंगसेंग 2.33 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.64 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 374 अंक की भारी गिरावट के साथ 66,034.21 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,895.41 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवली होने से दोपहर बाद 66,478.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,408.39 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत गिरकर 66,282.74 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी 139 अंक टूटकर 19,654.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,635.30 अंक के निचले जबकि 19,805.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,794.00 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत उतरकर 19,751.05 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स कि नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में एक्सिस बैंक 2.33, इंफ़ोसिस 2.24, एसबीआई 1.71, विप्रो 1.43, एचडीएफसी बैंक 0.85, टाटा स्टील 0.68, आईटीसी 0.52, एशियन पेंट 0.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.34, टेक महिंद्रा 0.30, आईसीआईआई बैंक 0.27, टाइटन 0.10 और अल्ट्रा सिमको 0.10 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, टाटा मोटर्स 4.76, एचसीएल टेक 2.55, नेस्ले इंडिया 2.00, मारुति 1.62, सन फार्मा 1.33, टीसीएस 0.79, बजाज फिनसर्व 0.73, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.46, बजाज फाइनेंस 0.41, पावरग्रिड 0.40, भारती एयरटेल 0.36, एलटी 0.25, एनटीपीसी 0.10 और रिलायंस 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

# 'भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की योजना में उत्पादों की गुणवत्ता की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण '

नयी दिल्ली। भारतीय गुणवत्ता परिषद के अध्यक्ष जक्षय शाह ने शुक्रवार को कहा कि परिषद देश में गुणवत्ता प्रमाणन और प्रमाणन संस्थाओं के प्रत्यान के बुनियादी ढ़ांचे को निरंतर मजबूत करके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अंततः कार्य की गुणवत्ता ही वह चीज है जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में मदद करेगी।

श्री शाह देश में गुणवत्ता के लिए अवसंरचनात्मक सुविधा (क्यूआई) पर यहां दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले उत्पाद से विश्व स्तर पर व्यापार करने में भारत को आसानी होगी। कार्यक्रम का आयोजन गुणवत्ता परिषद के निकाय गुणवत्ता प्रमाणन निकायों के राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) ने किया था।

श्री शाह ने कहा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस ज़माने में गुणवत्ता यानी क्वालिटी ही वह चीज है, जो हमें सबसे अलग बनाती है। गुणवत्ता ही 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में हमारी मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि देश में मजबूत नीति व्यवस्था, गतिशील साझेदारी और गुणवत्ता प्रमाणन निकायों की मान्यता के लिए

कड़े कठोर कार्यक्रमों के साथ आज कई औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। परिषद देश में गुणवत्ता मानकों को बनाये रखते हुए इस औद्योगिक वृद्धि को और ज्यादा मज़बूत करने के लिए विभिन्न प्रत्यायन एवं प्रमाणन कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है।

गुणवत्ता परिषद के प्रभारी महासचिव और प्रत्यायन के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) राजेश माहेश्वरी ने कहा कि (क्यूआई) गुणवत्ता के लिए बुनियादी ढांचा देश की आर्थिक प्रगति के लिए रीढ़ की हड्डी के रूप में काम करता है। भारत में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में एक्रेडिटेशन (प्रत्यायन) की भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इससे से यह सुनिश्चित होता है कि उपभोक्ता जो सामान खरीदते हैं और जो सेवाएं वे लेते हैं, वे अंतरराष्ट्रीय मानकों और पैमानों के अनुसार हैं या नहीं। यह उपभोक्ता संरक्षण और विश्वास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह वैश्विक व्यापार को भी सुविधाजनक बनाती है क्योंकि गुणवत्ता की दृष्टि से मान्यता प्राप्त वस्तु एवं सेवाओं में अंतरराष्ट्रीय बाजारों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने की ज्यादा संभावना होती हैं। उन्होंने कहा कि सरल शब्दों में कहा जाए तो उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता को प्रत्यायन देने से वैश्विक बाजार में भारतीय व्यवसायों की उपस्थिति बढ़ती है, जिससे वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती है। एनएबीसीबी के अध्यक्ष दीप कपूरिया ने कहा, चाहे इलेक्ट्रानिक्स हो या इंजीनियरिंग कैपिटल गुड्स हो, हर जगह भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूरे देश में सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बनाने की योजना बना रहा है। इस लक्ष्य को पाने के लिए यह बहुत जरूरी है कि इन उद्योगों में शामिल सभी कम्पनियों को अन्तराष्ट्रीय मानकों वाली संस्थाओं से मान्यता प्राप्त हो। राष्ट्रीय गुणवत्ता संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष विपिन सोंधी ने कहा कि भारतीय उद्योग निकायों के साथ चर्चा के आधार पर नवाचार को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योग के लिए हाई क्वालिटी मानक स्थापित करने की दिशा में एक पाठ्यक्रम तैयार किया है।

# जी 20 एफएमसीबीजी की चौथी और अंतिम बैठक संपन्न

माराकेच (मोरक्को)। भारत की अध्यक्षता में जी 20 के तहत जी 20 वित्त मंत्री एवं केन्द्रीय बैंक गवर्नरों (जी 20 एफएमसीबीजी) की चौथी और अंतिम बैठक आज यहां संपन्न हो गयी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान ही यहां इसका आयोजन किया गया था। इस बैठक में जी 20 एफएमसीबीजी ने बहुस्तरीय विकास बैंक (एमडीबी) को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का स्वागत किया। इस बैठक में क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर जी20 रोडमैप भी अपनाने की घोषणा की गयी। इस बैठक में जी20 एफएमसीबीजी ने सर्वसम्मति से जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स कम्युनिके को अपनाया। एफएमसीबीजी द्वारा जारी कम्युनिके में कहा गया है कि जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा (एनडीएलडी) से मार्गदर्शन लेती है और नेताओं के शिखर सम्मेलन में बनी आम सहमति से काफी लाभान्वित हुई है।

कम्युनिके ने एमडीबी को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का स्वागत किया है। एफएमसीबीजी ने एमडीबी के दृष्टिकोण, परिचालन मॉडल और वित्तपोषण क्षमताओं में आवश्यक परिवर्तनकारी परिवर्तनों की आवश्यकता पर ध्यान दिया है। एफएमसीबीजी ने जिन तीन बिल्डिंग ब्लॉक्स पर विचार करने का आग्रह किया है, वे हैं निजी पूंजी जुटाना, पूंजी पर्याप्तता ढांचे की सिफारिशों के कार्यान्वयन और पूंजी वृद्धि सहित उनकी वित्तीय क्षमता को मजबूत करना और एमडीबी से एक प्रणाली के रूप में मिलकर काम करने का आग्रह करना। इसके साथ ही बेहतर, बड़े और अधिक प्रभावी एमडीबी के निर्माण के लिए रिपोर्ट की सिफारिशों पर निरंतर काम करने का आह्वान किया गया है।

नई दिल्ली
शनिवार 14 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### रिकार्ड टूटने के लिये ही होते हैं: बाबर

अहमदाबाद। विश्वकप में भारत के खिलाफ अब तक जीत का इंतजार कर रही पाकिस्तानी टीम के कप्तान बाबर आजम ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम आंकड़ों को परे रख कर मेजबानों के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से मैदान पर उतरेगी। बाबर ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कोई संदेह नहीं है कि विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को सात बार हराया है मगर हमें रिकार्डस पर नहीं जाना चाहिये क्योंकि वे टूटने के लिये ही बनते है। मेरी टीम को पता है कि कल के मैच में उन्हे सबसे ज्यादा दर्शकों के सामने खेलना है और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हम यहां विश्व कप जीतने के इरादे से आये हैं और कल का मैच उसी की एक कड़ी है। उन्होने कहा भारत और पाकिस्तान के बीच हर मुकाबला बड़ा होता है और यह तो विश्व कप का मुकाबला है। टीम के सभी सदस्यों को साफ तौर पर पता है कि उन्हे जीत के लिए सब कुछ झोंकना है। कल के मैच में कई लोग आ रहे हैं,उनके सामने हमारे लिये अच्छा करने का बड़ा मौका है। बाबर ने दवाब की बात को नकारते हुये कहा हम पहले भी बड़े स्टेडियम में बड़े मुकाबलों में खेलें है। हालांकि हमें पता है कि हैदराबाद की तरह यहां हमें समर्थन नहीं मिलेगा और स्टेडियम नीले रंग में रंगा होगा। अगर पाकिस्तान प्रशंसकों को इज़ाजत दी गई तो वे भी हमारा समर्थन करेंगे। हमें इस मैच का इंतज़ार है। नसीम शाह की गैर मौजूदगी पर उन्होने कहा निश्चित रूप से हमारा स्ट्राइक बॉलर टीम में नहीं है।

### बेहतर खेल नीति से खेलों व खिलाड़ियों को मिला बढ़ावा : रणजीत सिंह

सिरसा। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की बेहतर खेल नीति की बदौल खेल व खिलाड़ियों को दोनों को ही बढावा मिला है। इसके चलते युवाओं में खेलों के प्रति रुझान बढा है। शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए युवाओं को किसी न किसी खेल को अपने जीवन का हिस्सा जरुर बनाना चाहिए। सिंह शुक्रवार को जीवन नगर के श्री गुरु हरिसिंह कॉलेज में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक तौर पर भी मजबूती देता है। खेल व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करने में सहायक होता है। इसलिए व्यक्ति विशेषकर युवा खेलों के प्रति अग्रसर हों और अपनी रूचि अनुसार किसी न किसी खेल से अवश्य जुड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीति से खेलों व खिलाड़ियों दोनों को बढावा मिला है। आज युवाओं को रुझान खेलों के प्रति बढा है। हमारे खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा से अपने गांव, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। बिजली मंत्री ने हलका के विभिन्न गांवों का दौरान कर आयोजित कार्यक्रमों में भी शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं का सुना और समाधान बारे अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

### महिला चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ने जीते मुकाबले

ग्वालियर। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर महिला अकादमी चैम्पियनशिप 2023 - (जोन ए) के दूसरे दिन शुक्रवार को सब जूनियर महिला वर्ग में मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी ने जीत हासिल की, जबकि मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी और घुम्मनहेरा राइजर अकादमी ने अपने-अपने मुकाबले ड्रा खेले। जूनियर महिला वर्ग में एचआईएम अकादमी और मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी अपने-अपने खेल में विजयी रहीं। दिन के पहले मैच में सब जूनियर वर्ग में मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी ने खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर) को 7-0 से हराया। मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी के लिए राव तृप्ति कुमारी (17, 55), सागर मंशी (40, 41), मोनिका (15), राजभर रागिनी (48) और कप्तान सिंह खुशी (58) ने गोल किए। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी और घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी के बीच सब जूनियर वर्ग का दूसरा मैच 2-2 के स्कोर के साथ ड्रा पर समाप्त हुआ। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के लिए ताहुर नाज़ (12) और जसिया अंसारी (42) ने गोल किए, जबकि घुम्मनहेरा राइजर अकादमी के लिए सुनैना (28) और प्रिया (48) ने गोल किए। दिन का तीसरा मैच, जो जूनियर वर्ग का पहला मैच था, में एचआईएम अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 7-1 से हराया।

### फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट आज से

जालंधर। पंजाब के जालंधर मे दूसरा फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट 14 अक्टूबर से सुरजीत हॉकी स्टेडियम बाल्टर्न पार्क में खेला जाएगा। स्टार क्लब की प्रबंध सचिव अरविन्दर कौर रोजी ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुरजीत हॉकी सोसायटी, जालंधर के सहयोग से आयोजित इस एक दिवसीय दिवसीय फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट में स्टार क्लब (पटियाला), एवर ग्रीन क्लब (मुहाली), ज्योति क्लब (जालंधर), शहीद भगत सिंह क्लब (होशियारपुर), शेरे पंजाब क्लब (मुक्तसर), माता साहिब कौर क्लब (लुधियाना) और महाराजा रणजीत सिंह क्लब (अमृतसर) सहित कुल आठ टीमें भाग लेंगी। रोजी ने बताया कि इस फाइव-ए-साइड मास्टर्स महिला हॉकी टूर्नामेंट में क्रमश: 35 से अधिक आयु वर्ग, 40 से अधिक आयु वर्ग और 45 से आयु वर्ग की खिलाड़ी भाग लेंगी। स्टार क्लब की महासचिव कुलविंदर कौर रोज़ी के अनुसार, यह 'फाइव-ए-साइड' हॉकी टूर्नामेंट 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ' के नारे तहत हॉकी इंडिया द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर तहत खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि ओलंपियन राजिंदर सिंह, द्रोणाचार्य अवार्डी और मुख्य हॉकी कोच सुबह नौ बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे।

### महिला फुटबॉल टीम ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सऊदी अरब में लेगी प्रशिक्षण

नयी दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम इस महीने के अंत में उज्बेकिस्तान में खेले जाने वाले एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महिला ओलंपिक क्वालीफायर से पूर्व प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन दौरे के लिए 14 अक्टूबर को सऊदी अरब के लिए रवाना होगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय टीम सऊदी अरब में कुछ मैत्री मैच खेलेगी और 23 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान के लिए रवाना होगी। सऊदी अरब दौरे के लिए भारतीय सीनियर महिला टीम इस प्रकार है: - गोलकीपर: सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, अनीशा। डिफेंडर :आशालता देवी लोइटोंगबम, स्वीटी देवी नगांगबम, रितु रानी, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, मनीसा पन्ना, शिल्की देवी हेमम, जूली किशन, अस्तम ओरांव। मिडफील्डर- प्रियंगका देवी नाओरेम, अंजू तमांग, इंदुमथी कथिरेसन, संगीता बासफोर, अवेका सिंह। फॉरवर्ड : ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, रेनू, संध्या रंगनाथन, बाला देवी नगंगोम, संजू, प्यारी ज़ाक्सा। मुख्य कोच: थॉमस लेनार्ट डेननरबी।

### मेसी ने फिटनेस चिंताओं को किया दूर

ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो हाल के सप्ताहों में मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह एस्टाडियो मोनुमेंटल में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ की जगह मैदान पर आये। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने तुरंत एल्बीसेलेस्टे को आक्रमण में अधिक प्रवाह प्रदान किया और टीम ने परग्वे को 1-0 से हरा दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे। उन्होंने कहा, यह बहुत कठिन क्वालीफायर था। पराग्वे हमेशा कठिन होता है क्योंकि वे जगह ढूंढते हैं और गेंद को तेजी से मूव करते हैं। उन्होंने कहा, फिर भी, हमारे पास बहुत सारे मौके थे और सौभाग्य से, अंत में लक्ष्य आ गया।

# नीरज 'वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' की सूची में

नयी दिल्ली । भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा का नाम वर्ल्ड एथलेटिक्स ने 'मेंस वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' के लिए नामांकित किया है।

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (वर्ल्ड एथलेटिक्स) ने गरुवार को इस पुरस्कार के लिए 11 एथलीटों के नामों की सूची जारी की है।

इसमें भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा तथा एथलीट की विभिन्न स्पार्धाओ में शानदार प्रदर्शन करने वाले रयान क्राउसर (अमेरिका),मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), सूफ़ियान एल बक्काली (मोरक्को), जैकब इंगेब्रिग्त्सेन (नॉर्वे), केल्विन किप्टम (केन्या), पियर्स लेपेज (कनाडा), नोह लाइल्स (अमेरिका), अल्वारो मार्टिन (स्पेन), मिल्टियाडिस टेंटोगलोउ (यूनान) और कार्स्टन वारहोल्म (नॉर्वे), के नाम शामिल है।

नीरज चोपड़ा ने इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पहले भारतीय होने का इतिहास रचा था। उसके बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एशियन खेलों में अपने खिताफ को कायम रखा।

हालांकि इससे पहले वह डायमंड लीग 2023 में दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज चोपड़ा वर्ष 2023 के पुरुष विश्व एथलीट पुरस्कार के लिए चुने गए 11 एथलीटों में से एक हैं। हालांकि इस दौरान उन्हें बाक़ी दस एथलीटों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है।




अमेरिका के स्प्रिंटर नोह लायल्स 100 मीटर और 200 मीटर के विश्व चैंपियन हैं। उन्होंने बुडापेस्ट 2023 में पुरुषों की 4म100 मीटर रिले में अमेरिका के लिए स्वर्ण पदक भी जीता था। मोरक्को के सूफियान एल बक्काली, जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक दिग्गज खिलाड़ी हैं। वह छह फाइनल में अपराजित रहे हैं। ओलंपिक चैंपियन ने इस साल की शुरुआत में उन्होंने विश्व खिताब को डिफेंड भी किया था।

पुरुषों के पोल वॉल्ट में मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस भी 11 खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। इसके साथ ही साथ 20 किमी और 35 किमी स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन स्पेनिश रेस वॉकर अल्वारो मार्टिन भी इस सूची में है।

उल्लेखनीय है कि मेंस वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड के लिए चुने गए एथलीटों का चयन एथलेटिक्स विशेषज्ञों के एक अंतरराष्ट्रीय पैनल द्वारा किया जाता है इसमें विश्व एथलेटिक्स के सभी छह महाद्वीपीय क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होते है। तीन-तरफा वोटिंग प्रक्रिया के द्वारा 13 या 14 नवंबर को विश्व एथलेटिक्स अंतिम पांच फाइनलिस्ट एथलीटों का ऐलान करेगा।

वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद और वर्ल्ड एथलेटिक्स फैमिली ईमेल द्वारा अपना वोट डालेंगे। वहीं, प्रशंसक वर्ल्ड एथलेटिक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए ऑनलाइन मतदान कर सकेंगे।

वर्ल्ड एथलेटिक्स ऑफ द ईयर के लिए मतदान 28 अक्टूबर को समाप्त होगा।

विश्व एथलेटिक्स परिषद के वोट नतीजे के 50 प्रतिशत के लिए गिने जाएंगे जबकि वर्ल्ड एथलेटिक्स फैमिली के वोट और जनता के वोट अंतिम परिणाम के 25 प्रतिशत के लिए गिने जाएंगे। 11 दिसंबर को वर्ल्ड एथलेटिक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विजेता के नाम की घोषणा की जायेगी।

## उम्मीदों के सैलाब से भी निपटने की चुनौती होगी रोहित सेना पर

अहमदाबाद । चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप लगातार आठवीं जीत के लिये शनिवार को रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम यहां नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर उतरेगी तो उसके कंधों पर मैदान पर मौजूद करीब एक लाख दर्शकों के साथ ही टीवी और मोबाइल स्क्रीन से चिपके करोड़ों प्रशंसकों की उम्मीदों को बोझ भी होगा। महा मुकाबले के चश्मदीद गवाह बनने के लिये क्रिकेट के दीवाने अहमदाबाद के होटल,रेस्तरां,गेस्ट हाउसों में जम चुके हैं। एक दिवसीय मुकाबलों की बात की जाये तो पाकिस्तान के पक्ष में भारत की तुलना में ज्यादा जीत आयी हैं मगर विश्व कप में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ अब तक हार का ही सामना करना पड़ा है। बड़े टूर्नामेंट में होने वाले दवाब में पाकिस्तान की टीम अब तक बिखरी नजर आयी है। भारत और पाकिस्तान ने मौजूदा विश्व कप में अब तक दो दो



मैचों में जीत हासिल की है जिससे दोनो टीमो का हौसला बुलंद है मगर रोहित और बाबर की सेना को अपने अपने देशों के करोड़ों प्रशंसकों की उम्मीदों के दवाब से निपटना होगा। भारत की ताकत उसकी मजबूत बल्लेबाजी से आंकी जाती रही है मगर हाल के वर्षो में भारतीयों ने गेंदबाजी में भी खासा सुधार किया है जबकि पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी मौजूदा विश्व कप में अब तक कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं वहीं नसीम शाह के चोटिल होने से भी मेहमान टीम की गेंदबाजी का धार भी कुंध हुयी है।

## अटापट्टू सितंबर माह की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टा को सितंबर महीने के 'खिलाड़ी ऑफ द मंथ' के खिताब से नवाजा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को यहां क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू को सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा है। श्रीलंका की महिला कप्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी पहली सीरीज जीती थी। वह तीन महिला टी-20 मुकाबलों में दो में शीर्ष पर रहीं। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अटापट्टू ने सीरीज में 114 रन बनाने और पांच विकेट कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उन्होंने सितंबर में पांच महिला टी-20 और तीन एकदिवसीय पारियो में 26 के औसत से 208 रन बनाए।

## टीम के पास सर्वश्रेष्ठ कर अभी भी नॉकआउट में क्वालीफाई करने का समय है : लाबुशेन

लखनऊ। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा है कि पिछले मैचों में मिली हार की निशारा से निकले हुए टीम के पास अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल कर और नॉकआउट चरण में क्वालीफाई करने का अभी भी समय है।

लाबुशेन ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम मैदान में लचर थी और बल्ले से भी ज्यादा लय हासिल करने में नाकाम रही और गुरुवार को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका से हारकर लगातार दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा।

टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार हार के कारण ऑस्ट्रेलिया ऐसी स्थिति में है जहां वे अपने शेष सात ग्रुप मैचों में चूक नहीं करनी है।

आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया को अब भारत में



अपने अंतिम सात ग्रुप मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करने की आवश्यकता होगी। तभी वह अभूतपूर्व छठे खिताब का दावा कर सकेगी।

ऐसा करने की उनकी खोज तब शुरू होगी जब वे सोमवार को लखनऊ में श्रीलंका से भिड़ेंगे और लाबुशेन को भरोसा है कि उनकी टीम जल्दी ही उनकी किस्मत बदल सकती है।

ऑस्ट्रेलिया की दक्षिण अफ्रीका से 134 रनों से हार के बाद लाबुशेन ने कहा, हम इस प्रदर्शन को लेकर निराश हो सकते हैं, हम कई चीजों को लेकर निराश हो सकते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि आप चेंजिंग रूम में बैठकर नाराज नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, हमें कार्रवाई करनी होगी और हमें अपना टूर्नामेंट शुरू करना होगा और तीन दिन में हम श्रीलंका को यहां ले आएंगे और मुझे नहीं पता कि कैसे, यह मेरा पहला विश्वकप है, लेकिन मुझे नहीं पता हैं कि अंक प्रणाली कैसे काम करती है, लेकिन मेरा मानना है कि हमें यहां से हर मुकाबला जीतना होगा या कम से कम उस चार में पहुंचने के बहुत करीब होना होगा।

उन्होंने कहा, लेकिन एक बार फिर, यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया ने पांच बार विश्व कप जीता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम दबाव में अच्छा खेलते हैं और हमने अच्छी शुरुआत नहीं की है, लेकिन यह शुरुआत है, अंत नहीं।

# ईरान के 49 हजार करोड़ नहीं देगा अमेरिका

### 5 अमेरिकियों की रिहाई के बदले मिलनी थी यह रकम; इजराइल जंग के बीच फैसला

इजराइल-हमास जंग की वजह से अमेरिका और कतर ने ईरान को 6 बिलियन डॉलर, यानी 49 हजार करोड़ ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, पिछले महीने अमेरिका और ईरान के बीच एक डील हुई थी। इसके तहत ईरान ने उसकी जेलों में कैद 5 अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया था। वहीं, बदले में अमेरिका ने विदेशों में ईरान की सीज की गई संपत्ति के 6 बिलियन डॉलर कतर भेज दिए थे। इसके बाद यह रकम ईरान को मिलने वाली थी।

हालांकि, अब इजराइल-हमास जंग के बीच अमेरिका के डिप्टी ट्रेजरी सेक्रेटरी वैली एडियोम ने कहा है कि अब ईरान को 6 बिलियन डॉलर का यह एक्सेस नहीं मिलेगा। हालांकि, अमेरिका ने इस फंड को पूरी तरह से फ्रीज नहीं किया है। बताया गया है कि कुछ समय तक इसे इस्तेमाल करने के लिए ईरान की तरफ से डाली गई सारी अर्जियां खारिज की जाएंगी।

#### इजराइल-हमास जंग में ईरान का हाथ नहीं

अमेरिका ने अभी तक यह नहीं माना है



कि हमास के इजराइल पर किए गए हमले में ईरान का कोई हाथ था। हालांकि, 49 करोड़ को फिर से रोकने का फैसला उस वक्त लिया गया है, जब कई ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि ईरान को मिले फंड से हमास को हमला प्लान करने में मदद मिली। जबकि,अमेरिकी विदेश मंत्री ने गुरुवार को तेल अवीव में कहा कि ईरान अभी तक इस फंड का इस्तेमाल नहीं कर पाया है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि अगर इजराइल गाजा पर हमले करना बंद नहीं करेगा तो युद्ध दूसरे मोर्चों पर भी शुरू हो जाएगा।

#### कहां से आए 49 हजार करोड़

ईरान के 41 लाख करोड़ रुपए का फंड अमेरिकी पाबंदियों के चलते दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रुका हुआ है। अमेरिका की तरफ से पिछले महीने रिलीज किए गए 49 हजार करोड़ रुपए उसी का हिस्सा हैं। इजराइल, अमेरिका और पश्चिमी देश नहीं चाहते कि ईरान परमाणु शक्ति बने।

ईरान पर आरोप लग रहे हैं कि वो परमाणु हथियार बनाने की फिराक में है। इसे ऐसा करने से रोकने के लिए अमेरिका ने उस पर कई आर्थिक पाबंदियां लगाई हुई हैं। इसकी वजह से दुनिया में कई जगहों पर उसकी संपत्ति फ्रीज है।

#### कतर के सेंट्रल बैंक में ट्रांसफर हुए थे 49 हजार करोड़ रुपए

49 हजार करोड़ रुपए सीधे ईरान को नहीं दिए गए थे। इन्हें कतर की राजधानी दोहा के सेंट्रल बैंक में ट्रांसफर किया गया था। कतर ने ईरान और अमेरिका में समझौता कराने के लिए फरवरी में पहल की थी। डील से पहले दोनों देशों में करीब 9 राउंड की बातचीत हुई।

इसके बाद करीब 2 महीने पहले इस डील की घोषणा हुई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक डील के तहत ईरान ने अपनी कुख्यात एविन जेल से अमेरिकियों को निकालकर उन्हें एक होटल में शिफ्ट किया था। 2015 में ईरान ने चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका के साथ एक परमाणु समझौता किया। यह समझौता इसलिए हुआ क्योंकि पश्चिम देशों को डर था कि ईरान परमाणु हथियार बना सकता है या फिर वह ऐसा देश बन सकता है जिसके पास परमाणु हथियार भले ही ना हों, लेकिन उन्हें बनाने की सारी क्षमताएं हों और कभी भी उनका इस्तेमाल कर सके।

ईरान के साथ परमाणु समझौता कर न्यूक्लियर कैपेसिटी बढ़ाने के उसके शोध कार्यक्रम को काफी नियंत्रित किया गया। ईरान को परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर जोर देने वाली अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के जरिए अंतरराष्ट्रीय निगरानी में लाया गया। इसके बदले परमाणु कार्यक्रम के चलते ईरान के पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटाए गए।

हालांकि, 8 मई 2018 को तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को ईरान न्यूक्लियर डील समझौते से बाहर कर लिया। अमेरिका ने 2019 से ईरान पर फिर प्रतिबंध लगाने शुरू कर दिए थे।

## पाकिस्तान जाने की फिराक में 11 बांग्लादेशी अरेस्ट

### बीएसएफ ने अटारी बॉर्डर से पकड़े; 11 फीट ऊंची दीवार फांदते वक्त महिला का गर्भपात

अमृतसर। पाकिस्तान जाने की फिराक में बैठे 11 बांग्लादेशी नागरिकों को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने अटारी बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अटारी बॉर्डर पर बनी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट की ऊंची दीवार फांद चुके थे और बीएसएफ की नजर से बचने व सही समय की तलाश में छिपे हुए थे। इस काम में इनका साथ एक सरहदी गांव के व्यक्ति ने भी दिया।

मिली जानकारी के अनुसार इन 11 नागरिकों में 3 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। ये सभी पाकिस्तान घूमने के लिए जाना चाहते थे, लेकिन इनके पास ना तो पैसे थे ओर ना ही डॉक्यूमेंट। ये खेल बीते बुधवार को शुरू हुआ था। ये सभी बुधवार को अमृतसर पहुंचे और



झंडा उतारने के समारोह को देखने के लिए अटारी गए थे। समारोह में इन्होंने बिना डॉक्यूमेंट पाकिस्तान जाने का प्लान सोचना शुरू कर दिया था।

#### अज्ञात सरहदी गांव के व्यक्ति को दिए 25 हजार

पकड़े जाने के बाद सभी आरोपियों ने बताया कि उन्हें सरहद के पास घूमते हुए एक व्यक्ति मिला था। जिसने उसे आश्वासन दिया कि वे उन्हें पाकिस्तान पहुंचने में मदद करेगा, लेकिन इसके लिए 25 हजार रुपए प्रति व्यक्ति लगेंगे। उनके पास पर्याप्त पैसे नहीं थे। जिसके बाद अज्ञात युवक को पैसे उसके अकाउंट में डालने की बात कही और 25 हजार रुपए बांग्लादेशियों से ले लिए।

## मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर ने बीवी आयशा से तलाक की पुष्टि की

इस्लामाबाद ।पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) उपाध्यक्ष एवं पाटी की मुख्य संयोजक मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर ने अपनी बीवी आयशा से तलाक की पुष्टि की है। सफदर ने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में कहा , मेरे तलाक की खबरें सच है। मैंने और आयशा ने निकाह के दो साल से अधिक समय बाद तलाक ले लिया है।यह पूरी तरह से निजी मामला है और मैं मीडिया से हमारी गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता हूं।मुझे उम्मीद है कि इस फैसले से हमें शाअल्लाह में शांति मिलेगी। मैं इस मामले पर आगे कुछ नहीं बोलूंगा। मैं उनके (आयशा) अच्छे होने की कामना करता हूं।

## इजरायल ने लेबनान के गांवों की ओर मिसाइलें दागीं

बेरूत। इजरायली सेना ने शुक्रवार सुबह लेबनान के दक्षिणी गांव नकौरा और आसपास के इलाकों पर दो मिसाइलें दागीं। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एनएनए ने यह जानकारी दी। एनएनए ने यह भी बताया कि इज़राइल ने ब्लू लाइन से सटे लेबनान के गांवों पर रात भर बम दागे। इजरायली सेना के टोही विमानों ने ब्लू लाइन से सटे गांवों के ऊपर से उड़ान भरी। एजेंसी ने कहा कि ब्लू लाइन के पास के अधिकांश निवासी सुरक्षित क्षेत्रों में विस्थापित हो गए हैं। शिक्षा मंत्री ने सारे सरकारी और निजी स्कूल बंद करने के आदेश दिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन 2000 में स्थापित ब्लू लाइन 120 किलोमीटर तक फैली हुई है और दक्षिणी लेबनान से इजरायली सेना की वापसी को सत्यापित करने के लिए कार्य करती है। यह एक अस्थायी सीमांकन रेखा है जब तक कि दोनों देश आधिकारिक तौर पर अपनी भूमि सीमाएँ स्थापित नहीं कर लेते। सात अक्टूबर को हमास द्वारा शुरू किए गए अल-अक्सा फ्लड ऑपरेशन के समर्थन में शेबा फार्म्स में सैन्य स्थलों की ओर हिजबुल्लाह द्वारा आठ अक्टूबर को 24 से अधिक मिसाइलें दागने के बाद लेबनानी-इजरायल सीमा पर स्थिति खराब हो गई, जिससे इजरायली भड़क गए। सेना ने उसी दिन दक्षिणपूर्वी लेबनान के कई इलाकों को निशाना बनाते हुए भारी तोपखाने से गोलीबारी कर जवाब दिया।

### सऊदी अरब में अफगानी नागरिकों से 12 हजार पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद

इस्लामाबाद। सऊदी अरब में अधिकारियों ने अफगानिस्तान के नागरिकों से 12,000 पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद किये हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट की मुताबिक सऊदी अरब में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों, विशेषकर अफगानों को फर्जी नागरिकता दस्तावेज जारी करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसी दौरान अधिकारियों ने रियाद में पाकिस्तानी दूतावास को अफगान नागरिकों से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद होने की सूचना दी है। आव्रजन एवं पासपोर्ट निदेशालय के महानिदेशक मुस्तफा काजी और संघीय जांच एजेंसी ने इस संबंध में जांच शुरू की। फर्जी पासपोर्ट बनाने के मामले में मुख्य संदिग्ध उमर जावेद को आरोप में लाहौर में गिरफ्तार किया गया। जावेद की गिरफ्तारी पासपोर्ट निदेशालय के एक पूर्व अधिकारी और एक सेवारत ग्रेड-15 अधिकारी की गिरफ्तारी और जांच के बाद हुई। सऊदी अरब में पाकिस्तानी राजदूत से टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर बोलने से इनकार कर दिया। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि पासपोर्ट निदेशालय अपनी जिम्मेदारियों से अवगत है और मामले की गहन जांच चल रही है।

### इजरायली हवाई हमलों में 13 बंधकों की मौत

गाजा। हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा पर इजरायली हवाई हमलों में हमास द्वारा पकड़े गए कम से कम 13 बंधक मारे गए। एक प्रेस बयान में कहा गया,पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तरी गाजा और गाजा शहर के अंदर हुए गहन इजरायली हमलों के दौरान विदेशी और इजरायली बंधक मारे गए। बयान के अनुसार, उत्तरी गाजा पट्टी में छह लोग मारे गए, जबकि गाजा शहर में अलग-अलग स्थानों पर सात लोग मारे गए। इजरायली सेना ने घोषणा की कि उसने गुरुवार रात गाजा पट्टी में लगभग 750 ठिकानों पर हमला किया, जिसमें कार्यकर्ताओं को खत्म करने के अलावा भूमिगत सुरंगें, सैन्य परिसर और स्थल तथा अधिकारियों के घर, हथियार डिपो एवं संचार कक्ष शामिल थे। गौरतलब है कि गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या कुल 1,569 हो गई है जबकि 7,212 अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गाजा में मरने वालों में 500 बच्चे और 276 महिलाएं भी शामिल हैं। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन द्वारा शनिवार को बड़े पैमाने पर किए गए अचानक हमले के जवाब में इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले किये और गाजा के विभिन्न क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले जारी हैं। इजराइल के सार्वजनिक प्रसारक कान ने बताया कि हमास की ओर से इजरायल पर किए गए हमले में अब तक मरने वालों की संख्या 1,300 से अधिक हो गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# सिनेमा दिवस पर विशेष : सिनेमा, संस्कृति और समाज



परिचय दास

प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, नव नालन्दा महाविहार सम विश्वविद्यालय, नालंदा

सिनेमा, कला की एक अत्यधिक प्रभावशाली विधा के रूप में, वैश्वीकरण और दुनिया भर में हो रही तकनीकी प्रगति के कारण महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। फिल्म निर्माण बहुआयामी प्रकृति वाली एक जटिल प्रक्रिया है जो विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एकजुट करती है। अंत में, सिनेमैटोग्राफी को एक ऐसे उद्योग के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी और व्यवसाय को इस तरह से संयोजित करने का प्रयास करता है जिससे सहयोग के दौरान सभी पक्षों को लाभ होगा। फ़िल्में मनोरंजन और रचनात्मकता के लिए ज़िम्मेदार हैं, ताकि फ़िल्म निर्माण उद्योग दुनिया में प्रचलित समकालीन सामाजिक और सांस्कृतिक वास्तविकताओं के साथ इसे समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किए गए परिवर्तनों और परिवर्तनों की निरंतर प्रक्रिया में रहे। उत्पादन प्रक्रिया में लगे निर्देशकों और पेशेवरों की एक विस्तृत श्रृंखला एक समान अवसर बनाने का प्रयास करती है जो फिल्मों के कला मूल्य को बढ़ाएगी और उनके उच्च उद्देश्य की गहन समझ स्थापित करेगी। इसलिए, लगातार बदलते परिदृश्य और फिल्म निर्माण की बहुआयामी प्रकृति के कारण, उद्योग संस्कृति और समाज के साथ स्थायी बातचीत में है जो फिल्मों को कला का एक विशिष्ट तरीका बनाता है।

सिनेमा युग की विचारधारा को दर्शाता है और दुनिया भर में विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद करता है। फिल्म निर्माता न केवल दर्शकों को पात्रों की दुनिया में डुबोने का प्रयास करते हैं, बल्कि वे कुछ सबसे जटिल और गंभीर सामाजिक मुद्दों का भी वर्णन करते हैं जो कथानक के विकास के दौरान सामने आते हैं। परिणामस्वरूप, फ़िल्में अतीत में लोगों के जीवन जीने के तरीके के बारे में साक्ष्य और जानकारी के स्रोत के रूप में काम करती हैं। इस प्रकार, वे विभिन्न पीढ़ियों के बीच के अंतर को पाटते हैं और दर्शकों को कुछ परंपराओं या ऐतिहासिक घटनाओं के कारणों का विश्लेषण और समझने का अवसर प्रदान करते हैं। यह जनता की संस्कृति और सहिष्णुता को समृद्ध करता है क्योंकि लोग, उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना, पिछली पीढ़ियों के अपने समकक्षों की जीवनशैली और मानसिकता के बारे में बेहतर दृष्टिकोण प्राप्त कर सकते हैं। ऐसी फ़िल्में जो ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाती हैं और रीति-रिवाजों की कहानियाँ बताती हैं, एक छिपी हुई युगचेतना की भावना पैदा करती हैं जो दर्शकों को सशक्त बनाती हैं और उन्हें विभिन्न सांस्कृतिक घटनाओं को अधिक गहन स्तर पर जानने का मौका दे सकती हैं। उस छोर पर, सिनेमा एक बड़ी तस्वीर का दृष्टिकोण स्थापित करता है जो समय की बाधाओं और सीमाओं से कहीं आगे जाता है, जिससे जनमत को प्रभावित और आकार मिलता है।

फ़िल्में रचनात्मकता का एक अनूठा रूप हैं जो दुनिया भर में बड़ी संख्या में विशेषज्ञों और प्रशंसकों को एकजुट करती हैं। एक ओर, ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे एक व्यक्ति विशेष अन्य लोगों के सहयोग के बिना फिल्म निर्माण प्रक्रिया में सफलता प्राप्त कर सके, इसलिए टीम का प्रत्येक सदस्य फिल्म की अंतिम प्रगति में योगदान देता है। दूसरी ओर, विभिन्न फिल्मों या फिल्म स्टूडियो के प्रशंसक विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों और इंटरनेट के माध्यम से फिल्मों से जुड़ सकते हैं और उन पर चर्चा कर सकते हैं।

सिनेमा बढ़ती संख्या में ऐसे लोगों को आकर्षित करता है जो वास्तव में मूल्यवान कला कृति बनाने के लिए अपना समय, प्रयास और ऊर्जा देने को तैयार हैं। जब समसामयिक समाज के कामकाज की बात आती है, तो विवादास्पद विषयों पर चर्चा और चमकदार बहस चलाने की क्षमता फिल्म निर्माण प्रक्रिया के महत्त्व में नाटकीय रूप से योगदान करती है।दूसरे शब्दों में, फिल्में रचनात्मकता और आत्म-प्रतिबिंब को प्रेरित करती हैं, कल्पनाशीलता विकसित करती हैं और लोगों को बातचीत में संलग्न करती हैं। इसलिए, सिनेमा लोकप्रिय संस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है जो उच्च स्तर के सहयोग को स्थापित करने में मदद करता है और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देता है।

फिल्म उद्योग ने रोजगार में वृद्धि की नींव तैयार की है और कई विशेषज्ञों के लिए करियर विकास के अवसर प्रदान किए हैं। ऐसे में, निर्माण के विभिन्न चरणों के दौरान, इस रचनात्मक गतिविधि में लगे फिल्म पेशेवरों का एक दल फिल्म के अंतिम संस्करण में योगदान देने वाले हजारों लोगों को शामिल कर सकता है। हालाँकि इनमें से अधिकांश लोग स्क्रीन पर दिखाई नहीं देते हैं और उन्हें कलाकारों के रूप में संदर्भित नहीं किया जा सकता है, फिर भी वे निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और फिल्म में रचनात्मक प्रक्रिया की नींव बनाते हैं। दल में विशेषज्ञों की संख्या में एक निर्देशक शामिल होता है जो फिल्म सेट पर आवश्यक प्रक्रियाओं की जिम्मेदारी लेता है और कहानी का एक दृश्य चित्रण बनाता है। ऐसे कई अलग-अलग विभाग हैं जो इस प्रक्रिया में एक अनूठी भूमिका निभाते हैं, जिसमें कला विभाग भी शामिल है, जो सेट, ग्राफिक कला, वेशभूषा और बाल कटवाने की शैलियों के लिए जिम्मेदार है। इसके अलावा, दृश्य प्रभाव विभाग फिल्म निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है क्योंकि यह दृश्य छवियों को समृद्ध करने और कुछ भ्रम पैदा करने में मदद करता है। ये सभी फिल्म निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में भाग लेते हैं और वितरण के बाद फिल्म को अंतिम सफलता दिलाने में मदद करते हैं। परिणामस्वरूप, सिनेमा एक जीवंत समुदाय का गठन करता है जो विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विशेषज्ञों को रोजगार देता है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

फ़िल्में मनोरंजन के नये स्तर के विकास का मंच तैयार करती हैं। वे लोगों को पलायनवाद का एक अनूठा रूप प्रदान करते हैं जो नायक के जीवन में गहराई से उतरने और कम से कम थोड़े समय के लिए व्यक्तिगत मुद्दों को भूलने में मदद करता है। सिनेमा के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक इसके मनोरंजक गुण हैं जो दर्शकों के साथ भावनात्मक संबंध बनाते हैं।

फिल्मों में मौजूद मनोरम कहानियाँ और कथानक के अप्रत्याशित मोड़ जनता को आकर्षित करते हैं और दोनों मौजूदा वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सकते हैं या दर्शकों को देखते रहने के लिए डिज़ाइन की गई ज्वलंत काल्पनिक दुनिया बना सकते हैं।फिल्म शैलियों का एक व्यापक स्पेक्ट्रम है, जिसमें वृत्तचित्र, डरावनी फिल्में या संगीत शामिल हैं जो दर्शकों की विशेष श्रेणी को आकर्षित करते हैं। इस तरह, दर्शक जीवन की कठिनाइयों और सीमाओं से आश्रय पा सकते हैं और एक ऐसे साहसिक कार्य पर निकल सकते हैं जो सांस रोक देगा और अक्सर नीरस जीवनशैली में कुछ जोखिम लाएगा।सिनेमा एक कला है क्योंकि यह फिल्म निर्माताओं को दर्शकों के लिए अनुभव डिजाइन करने के तरीके प्रदान करता है, और वे अनुभव उनकी वंशावली की परवाह किए बिना मूल्यवान हो सकते हैं। छोटे और बड़े दोनों प्रकार के दर्शकों के लिए फिल्में उसी समावेशी कला से संबंधित हैं जिसे हम फिल्म या सिनेमा कहते हैं।दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और इसकी मुख्य मनोरंजक विशेषताओं के अलावा, सिनेमा विभिन्न मुद्दों, रुझानों और प्रवृत्तियों पर जागरूकता बढ़ाता है। यह लोगों को मनुष्य और समाज के कार्य करने के तरीके के बारे में शिक्षित करता है। परिणामस्वरूप, सिनेमा को पलायनवाद के एक विलक्षण रूप के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो दर्शकों के साथ एक भावनात्मक बंधन स्थापित करने और ज्ञान का एक स्रोत है जो रुचि और जिज्ञासा को समेकित करता है।

सिनेमा लोगों के अपने जीवन के दौरान अपने अस्तित्व और समाज के प्रति दृष्टिकोण को बदल देता है। यह दर्शकों की मानसिकता, मूल्यों और विश्वासों को बदल सकता है जब वे रोजमर्रा के निर्णय लेना शुरू करते हैं और मुद्दों को नए तरीके से देखना शुरू करते हैं। सिनेमा जीवन पर विभिन्न दृष्टिकोण दिखाने के लिए जिम्मेदार है, जिससे रोल मॉडल और उपकरण तैयार होते हैं जो व्यक्तित्व को बदलने में मदद करते हैं।

चूँकि सिनेमा का प्राथमिक उद्देश्य दर्शकों का मनोरंजन करना है, फिल्म स्टूडियो और उत्पादन प्रक्रिया के हितधारक फिल्म की व्यावसायिक सफलता से लाभान्वित होते हैं। परिणामस्वरूप, नई फिल्मों की मजबूत मांग आर्थिक समृद्धि पैदा करती है और किसी विशेष राज्य की संस्कृति पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। फिल्में न केवल विभिन्न कंपनियों की वित्तीय संपत्तियों के संचय में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में काउंटी की छवि को भी सुधार सकती हैं और दुनिया भर के विभिन्न कलाकारों के बीच सहयोग को बढ़ा सकती हैं।

फिल्म निर्माण की सफलता और इसकी वित्तीय नींव के बीच एक मजबूत अंतर्संबंध को देखते हुए, स्वतंत्र फिल्में जनता का कम ध्यान आकर्षित करती हैं, और यह समकालीन फिल्म उद्योग में खराब गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रभुत्व बनाती है। यह एक कला विधा के रूप में सिनेमा की छवि को काफी ख़राब करता है और इसके कामकाज के व्यावसायिक पहलू पर ज़ोर देता है।

हालाँकि, ब्लॉकबस्टर या एक्शन से भरपूर फिल्मों की मांग अंततः तकनीकी प्रगति के विकास को जन्म दे सकती है, जो सभी मान्यता से परे फिल्म निर्माण के लिए विशेषज्ञों के दृष्टिकोण को बदल देती है। विभिन्न दृश्य प्रभावों को नियोजित करने और फिल्म के दृश्य घटकों को रचनात्मक रूप से अपनाने की क्षमता निर्देशकों को सशक्त बनाती है और उन्हें कहानी कहने के लिए अधिक विस्तृत उपकरण प्रदान करती है।

वैश्वीकरण ने दर्शकों के सिनेमा को समझने के तरीके को नाटकीय रूप से प्रभावित किया है। आजकल, दुनिया भर के लोगों की पहुंच फिल्मों तक है। यह सिनेमा स्टूडियो को इतना शक्तिशाली बनाता है जितना वे पहले कभी नहीं थे। दृश्य और श्रव्य उपकरणों के व्यापक स्पेक्ट्रम के साथ, निर्देशक और आम लोग अपनी कहानियों को दृश्य रूप में बता सकते हैं, जिससे चर्चा शुरू हो सकती है और सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हो सकता है। इसके अलावा, विभिन्न देशों के निवासी एक अपरिचित संस्कृति में तल्लीन हो सकते हैं और नए क्षितिज की खोज कर सकते हैं। यह फिल्म निर्माण को एक उपकरण बनाता है जो लोगों को एकजुट करता है और उन्हें मूल्यवान सबक सिखाता है। उदाहरण के लिए, फिल्में असमानता, गरीबी, भेदभाव, नस्लवाद, युद्ध, लत, वर्ग, पर्यावरण, नागरिक अधिकार, हिंसा, प्रौद्योगिकी और मानसिक बीमारी जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाल सकती हैं। कहानियों की मदद से, सिनेमा विभिन्न विषयों और उद्देश्यों को शामिल करता है जिससे लोगों को शिक्षित होना चाहिए और समाज के भीतर स्वीकृति की भावना का पोषण करना चाहिए। यह विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लोगों की जीवनशैली को चित्रित कर सकता है, जिससे शत्रुता समाप्त हो जाएगी और जीवन के प्रति अधिक जागरूक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा।

सिनेमा समुदायों के विकास में लाभ पहुंचा सकता है और सामाजिक संबंधों का एक नया स्तर विकसित कर सकता है।

फ़िल्में जनता पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव डाल सकती हैं। सिनेमा लोकप्रिय संस्कृति का एक गहरा हिस्सा है जिसका समाज के कामकाज पर सीधा प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार, कला के हर रूप की तरह दृढ़ता से व्यक्तिपरक होने के कारण, एक फिल्म एक निर्देशक की व्यक्तिगत दृष्टि को मूर्त रूप दे सकती है, जो अक्सर तथ्यों द्वारा समर्थित नहीं होती है।

जब तक यह एक वृत्तचित्र न हो, फिल्म निर्माण का अर्थ जीवन की एक स्वतंत्र और रचनात्मक व्याख्या है, इसलिए निर्देशक जानबूझकर वास्तविकता को विकृत कर सकता है और कुछ सच्चाइयों के ज्ञान और साक्ष्य में हेरफेर कर सकता है। फिर भी, सिनेमा प्रभाव का एक शक्तिशाली उपकरण है जिसका उपयोग प्रचार और राजनीतिक जोड़-तोड़ के लिए किया जा सकता है। फिल्में लोगों के सोचने और समस्याओं से निपटने के तरीके को बदल देती हैं, इसलिए फिल्मों के निर्देशक और पात्र देश के राजनीतिक और सामाजिक जीवन पर काफी प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, पात्रों के व्यापक मर्दाना या स्त्री गुणों या शारीरिक विशेषताओं पर जोर देने के साथ कुछ प्रकार के पात्रों का कवरेज लिंग के आधार पर उच्च स्तर की असमानता पैदा कर सकता है। परिणामस्वरूप, कुछ फ़िल्में गहराई से अंतर्निहित लैंगिक पूर्वाग्रहों का जश्न मना सकती हैं। यह प्रवृत्ति नस्लवाद के मुद्दे पर भी लागू होती है। निदेशकों के अनैतिक व्यवहार के परिणामस्वरूप तथ्यों में विकृति आ सकती है और विभिन्न आयु, लिंग और सामाजिक स्थिति के लोगों के लिए दोहरे मानक स्थापित हो सकते हैं। सिनेमा लगातार बदलते परिदृश्य को अपनाता है और दर्शकों को उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान कर सकता है जो गलत धारणाओं को दूर करता है और एक अलग पैमाने पर मुद्दों पर आगे की चर्चा को प्रेरित करता है।

इस तथ्य के बावजूद कि वे शक्तिशाली और मनोरम छवियां बनाते हैं, दर्शकों को अक्सर फिल्मों में विभिन्न रूपों में मौजूद उच्च स्तर की हिंसा और नफरत का सामना करना पड़ता है। लोग, विशेष रूप से जब युवा पीढ़ी के प्रतिनिधियों की बात आती है, तो वे नायक के व्यवहार पैटर्न की नकल करते हैं, और यह उनके जीवन की गुणवत्ता को काफी हद तक खराब कर सकता है और बुरी आदतों को विकसित कर सकता है। धूम्रपान के दृश्य एक ऐसी समस्या बने हुए हैं जो प्रचार का ध्यान आकर्षित करते हैं और फिल्मों में तंबाकू की मौजूदगी पर बड़े विवाद को जन्म देते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में फिल्म निर्माता फिल्मों में धूम्रपान पर प्रतिबंध की संभावना को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन मानते हैं। फिर भी, विश्व स्वास्थ्य संगठन इंगित करता है कि किशोरों में लत के विकास और धूम्रपान दृश्यों के ग्लैमराइजेशन के बीच एक संबंध है। इसलिए, फिल्में दर्शकों के स्वास्थ्य के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं और धूम्रपान जैसी बुरी आदतों के विकास को प्रेरित कर सकती हैं। भविष्य में संभावित असफलताओं से बचने के लिए दर्शकों को प्रत्येक फिल्म को थोड़ा सा ध्यान देने और विशेष दृश्य अनुभव के सभी निहितार्थों का गंभीर रूप से विश्लेषण करने की सख्त आवश्यकता है।

सभी बातों पर विचार करने पर, फिल्म उद्योग समकालीन संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा है जो लगातार लोगों के कार्य करने और सोचने के तरीके को बदलता है। यह रचनात्मकता और आत्म-प्रतिबिंब के लिए एक अनूठा मंच है जो मानव मनोविज्ञान की समझ में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके अलावा, सिनेमा पलायनवाद और मनोरंजन का एक रूप है जो दर्शकों के साथ घनिष्ठ भावनात्मक संबंध स्थापित करने का प्रयास करता है। यह इस क्षेत्र में लगे विशेषज्ञों और दुनिया के विभिन्न कोनों में स्थित विभिन्न फिल्मों के प्रशंसकों के जीवंत समुदाय भी बनाता है। परिणामस्वरूप, फिल्म उद्योग रोजगार बढ़ाता है और समाज के भीतर स्वीकृति और सहिष्णुता की भावना को प्रोत्साहित करता है। फ़िल्में विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में ज्ञान को शिक्षित और गहरा करती हैं। इसके अलावा, वे सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा दे सकते हैं, जिससे अधिक प्रभावी समाधान निकल सकते हैं। नई फिल्मों की मजबूत मांग से देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। फिर भी, सिनेमा लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव भी डाल सकता है। व्यापक हिंसा और नकारात्मक व्यवहार पैटर्न वाले दृश्यों का एक विवादास्पद मुद्दा है जो लोगों में आचरण के विशिष्ट मॉडल को भड़का सकता है। इसके अलावा, फिल्में तथ्यों के प्रचार और हेरफेर को बढ़ावा दे सकती हैं, जिससे वास्तविकता को विकृत किया जा सकता है और लोगों को धोखा दिया जा सकता है। यह समाज के कामकाज और मानव मनोविज्ञान पर सिनेमा के प्रभाव को बहुस्तरीय और संदिग्ध बनाता है।।

## जल्द ही 350 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करेगा परिवहन निगम

लखनऊ। उप्र परिवहन निगम द्वारा 100 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने तथा 250 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को जीसीसी मॉडल पर सीईएसएस के माध्यम से अनुबंध करने के लिए परिवहन निगम बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है।

इन बसों को भारत सरकार पीएमई बस सेवा के अंतर्गत अनुबंध पर लेने की कार्यवाही की जायेगी। जल्द ही बोर्ड द्वारा इस पर निर्णय लिया जायेगा। इन बसों के बेड़े में शामिल होने से प्रदेश के लोगों को यात्रा के लिए अच्छी और सुविधाजनक इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध होंगी।

परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि 30 जून 2028 तक पांच हजार इलेक्ट्रिक बसों को परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया जाना प्रस्तावित है। इन बसों को एनसीआर क्षेत्र तथा प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों में संचालित किया जायेगा। एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर संचालन के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग के निर्देशानुसार इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बसों का ही संचालन किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक तथा पर्यटन स्थलों के इलेक्ट्रिक बसों से जोड़ने के लिए परिवहन निगम लगातार कार्य कर रहा है। उन्होने बताया कि 100 इलेक्ट्रिक बसों को लखनऊ व गाजियाबाद तथा 250 अनुबंधित बसों को गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर एवं लखनऊ में चलाया जायेगा। प्रदेश के लोगों को अधिक परिवहन सुविधाओं से जोड़े जाने की योजना पर परिवहन निगम कार्य कर रहा है।

## श्री कृष्ण पाल यादव को अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया







अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा (1924) द्वारा डॉ कृष्णपाल सिंह यादव जी (सांसद, गुना शिवपुरी, मध्यप्रदेश) को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर महासभा के दिल्ली प्रदेश के यशस्वी अध्यक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष दि. न. नि. श्री जयभगवान यादव जी , श्री संजीव यादव जी,( प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व अध्यक्ष , सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल अध्यापक संघ) श्रीमती सरोज यादव जी( अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,) श्री प्रदीप यादव जी, (युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष व अध्यक्ष,प्रदक्ष फाउंडेशन ) और उनके साथियों ने अभिनंदन किया ।इस अवसर पर श्री कृष्ण पाल यादव जी ने कहा कि समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों के लिए वह सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री थान सिंह यादव जी, प्रमुख, दिल्ली पंचायत संघ, सेवानिवृत जज श्री शिव सिंह जी, कार्यकारी अध्यक्ष यादव महासभा हरियाणा श्री रमेश राव पायलट जी, निगम-पार्षद खानपुर दिल्ली श्रीमती ममता यादव जी, श्री संजना राव जी, अध्यक्ष-ऑफोर्डबल प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन श्री लक्ष्य छबड़िया जी, राष्ट्रीय संयोजक-अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल डॉ धर्मेंद्र यादव जी, अध्यक्ष-हिमाचल प्रदेश श्री रविन्द्र यादव, श्रीमती गीता यादव जी, उपाध्यक्ष, अ.भा.या.म.राजस्थान प्रदेश,श्री चितरंजन जी कंसा जी (उड़ीसा) , डॉ ललित यादव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पी 20 प्रतिनिधियों को आम चुनाव देखने का निमंत्रण

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पी 20 के प्रतिनिधियों से अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए निमंत्रित करते हुये शुक्रवार को कहा कि इस चुनाव में 100 करोड़ मतदाता मतदान करने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आज यहां यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के नौवें पी 20 सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ करते हुये कहा, मैं पी-20 सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपको एक बार फिर मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी।

मोदी ने कहा कि समय के साथ भारत की संसदीय प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार हुआ है, ये प्रक्रियाएं और सशक्त हुई हैं। भारत में लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। वर्ष 1947 में आजादी के मिलने के बाद से अभी तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक राज्य विधानसभाओं के चुनाव हो चुके हैं। भारत, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, वर्ष 2019 के आम चुनाव में देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है। साल 2019 का आम चुनाव मानवीय इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया थी।

इसमें 60 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने हिस्सा लिया था। आप कल्पना कर सकते हैं, तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे। ये पूरे यूरोप की कुल आबादी से भी अधिक है।

## त्योहारों के दौरान सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई

### ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग सवारी गाड़ी के रूप मे ना हो, अभियान चलाकर करें प्रवर्तन की कार्यवाही : जिलाधिकारी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु पुख्ता इंतजाम,महिलाओं की सुरक्षा एवं भूमाफियाओं पर कार्यवाही को लेकर बैठक जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षो के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैठक में आए दुर्गा पूजा कमेटी एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी से वार्ता करते हुए उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम,सीओ एवं थानाध्यक्ष दुर्गा पूजा पंडाल,रामलीला आयोजन स्थल,मूर्ति विसर्जन स्थल, जुलूस मार्ग आदि का भ्रमण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी आवश्यक इंतजाम पूर्ण करा लें। दुर्गा पूजा पंडाल में पुलिस एवं चौकीदार की ड्यूटी के साथ- साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाए। रात्रि के समय पुलिस बल चौकन्ना रहते हुए पूरी मुस्तैदी के ड्यूटी करेंगे। पूजा पंडाल में फायर एवं इलेक्ट्रिक सेफ्टी का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विद्युत एवं अग्निशमन के अधिकारी यह निरीक्षण कर ले की आयोजको द्वारा फायर एवं इलेक्ट्रिक सेफ्टी की परमिशन लिया जाना सुनिश्चित किया जाए। जुलूस मार्ग का रास्ते पर जलभराव आदि को नगर निकाय एवं पीडब्ल्यूडी से सही कर लिया जाए।

मूर्ति विसर्जन के लिए घाट पर साफ सफाई,विद्युत आदि की व्यवस्था नगर निकाय एवं पंचायत द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

मूर्ति विसर्जन के दौरान आयोजकों से वार्ता करते हुए समय निर्धारित कर किया जाए जिससे कि मार्ग एवम घाट पर अधिक भीड़ एकत्रित न हो।

जुलूस के दौरान अस्त्र-शास्त्र के प्रदर्शन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।आयोजन व जुलूस के दौरान अति तेज ध्वनि में डीजे आदि पर कड़ाई से रोक लगाई जाएगी। त्योहारों को दौरान ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो,इसके लिए पुख्ता प्लानिंग की जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कड़े निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द्ध बिगड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी विधिक कारवाही के की जाएगी।

त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। इसमें इंटेलिजेंस संस्था की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। इंटेलिजेंस संस्था सक्रिय रहते हुए इनपुट आदि प्राप्त करते रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट को फॉरवर्ड ना करें तथा तत्काल इसकी सूचना अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दे। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील किया कि आगामी शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में जाने वाले श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग कदापि ना करें, दर्शन को छोटी गाड़ियों का प्रयोग करें। उन्होंने एसडीएम, क्षेत्राधिकार एवं आरटीओ को ट्रैक्टर ट्रॉली का प्रयोग सवारीयात्रा के लिए किए जाने पर प्रवर्तन की कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया।

## घर से पलायित सोलह साल की नाबालिग बालिका को दिया गया संरक्षण : रोमी पाठक



सोनभद्र । 16 वर्षीय नाबालिग बालिका सहमी सकुचाई सशंकित हालात में मिली सोनभद्र के चोपन रेलवे स्टेशन पर। अज्ञात बालिका अकेले बैठी पायी गयी जिसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल चोपन उप निरीक्षक प्रशांत कुमार द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र को दी गयी।

मामले की गम्भीरता का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा टीम का गठन करते हुए घटनास्थल को रवाना किया गया।

गठित टीम में संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता वीणा राव ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे और परामर्शदाता सुधीर कुमार शर्मा के साथ बाबू अहमद को प्रकरण के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने को निर्देशित किया गया। तत्काल टीम - दस्ते द्वारा मौकेपर जाकर अज्ञात बालिका से पूछताछ के शुरू हुआ सिलसिला।

बालिका द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश के जिला सहडौल मध्य रहने वाली है बकौल बालिका के उसने बताया कि अपने घर से एक लडके के बहकावे में आकर निकल आयी। इस वाकये का संजीदगी से परिज्ञान लेते हुए तत्काल टीम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बालिका को बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु अपने अभिरक्षा में लेते हुए ले जाया गया।

संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा बताया गया कि अभी बालिका की काउन्सलिग - जाँच करायी जायेगी तथा जांचोपरांत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।